## एक नजर

### भीषण गर्मी में कलान वासियों को रुला रही बिजली

**कलान, अमृत विचार :** इस भीषण गर्मी में कलान नगर पंचायत के बशिंदे बिजली की समस्या से ज्यादा ही परेशान हैं क्योंकि पता नहीं कब चली जाए, कब आ जाए। थाना, अस्पताल एवं सरस्वती नगर समेत कई मोहल्लों में बिजली बुधवार की रात नहीं आई। अस्पताल में कुत्ता काटे के इंजेक्शन आदि रेबीज तो फ्रीज में ही रखी जाती हैं बिजली न आने से उनकी व्यवस्था अस्पताल कर्मचारियों को जनरेटर इत्यादि से करानी पड़ी।

### पांचवें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

**तिलहर,अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के कार्यकर्ताओं की ओर से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जा रहा धरना चीनी मिल मैदान पर पांचवें दिन गुरुवार को भी जारी रहा। तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा कि अधिकारी समस्याओं के निदान करने में कोई रुचि नहीं ले रहे।

# क्लब को लेकर भिड़े कॉलोनीवासी और कॉलोनाइजर

## वृंदावन गार्डन में कॉलोनी के क्लब पर कब्जे की जंग, बाशिंदे बोले-हक़ छीना जा रहा है,पुलिस भी पहुंची

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** वृंदावन गार्डन कॉलोनी में क्लब के स्वामित्व को लेकर गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि प्लॉट बेचते समय कॉलोनाइजर ने क्लब को सार्वजनिक सुविधा के रूप में दिखाया था, लेकिन अब उन्हें क्लब में प्रवेश से रोका जा रहा है। वहीं कॉलोनाइजर इसे अपनी निजी संपत्ति बता रहे हैं।

मामला चौक कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज स्थित वृंदावन गार्डन कॉलोनी का है, जहां डॉक्टरों और उद्योगपतियों समेत कई संभ्रांत लोग रहते हैं। कॉलोनी के नक्शे में क्लब और स्विमिंग पूल दिखाए गए थे। उद्यमी विनय अग्रवाल ने बताया कि जब उन्होंने प्लॉट खरीदा था, तब उन्हें बताया गया कि क्लब सभी कॉलोनीवासियों के लिए होगा। बताया गया था कि क्लब और स्वीमिंग पुल बनेगा और नक्शे में भी दोनों चीजों को दिखाया गया था, लेकिन गुरुवार को जब लोग अपने बच्चों के साथ क्लब पहुंचे तो गार्ड ने अंदर जाने से मना कर दिया। विरोध करने पर कॉलोनीवासियों और स्टाफ में तीखी नोकझोंक हुई। कॉलोनाइजर की ओर से क्लब का बोर्ड भी हटाने की कोशिश की गई, जिससे बाशिंदों में आक्रोश और बढ़ गया। स्थानीय निवासी सतीश सिंह ने कहा कि यह साफतौर पर धोखाधड़ी है। कॉलोनाइजर ने पहले क्लब को सार्वजनिक बताकर प्लॉट बेचे और अब उसे निजी संपत्ति बता रहे हैं।



कॉलोनाइजर से बात करते स्थानीय निवासी। ● अमृत विचार



राज क्लब इसे प्लाट खरीदने वालों को देने का वादा किया गया था।

> क्लब उनकी निजी जमीन पर बना है। उन्होंने बताया कि क्लब निर्माण के लिए कॉलोनीवासियों से एक-एक लाख रुपये मांगे गए थे, लेकिन किसी ने सहयोग नहीं किया। अब वही लोग जबरन क्लब में घुसना चाहते हैं और स्टाफ से मारपीट कर रहे हैं।
>
> -सुरेश सिंघल कॉलोनाइजर

### कॉलोनीवासियों ने लगाया बड़ी साजिश का आरोप

कॉलोनीवासियों का आरोप है कि कॉलोनाइजर क्लब के रास्ते से पीछे की खेती की जमीन पर नई कॉलोनी विकसित करना चाहते हैं। चूंकि उस जमीन तक कोई रास्ता नहीं है, इसलिए क्लब से होकर नई कॉलोनी के लिए रास्ता बनाने की योजना है। इसी कारण क्लब पर कब्जा जमाने की कोशिश हो रही है। बढ़ते विवाद को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने बुलाकर तहरीर देने को कहा गया। मामला चौक कोतवाली क्षेत्र का है।

# एनएचएआई अफसरों ने किया अवैध कटों को लेकर निरीक्षण

**संवाददाता,तिलहर**

- डीएम ने निरीक्षण के दौरान दिए थे निर्देश
- उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजेंगे एनएचएआई के अधिकारी

**अमृत विचार :** नगर के पूर्वी तिराहे पर बने अवैध कट को बंद करने के लिए एनएचएआई के अधिकारियों ने तमाम नागरिकों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों के सुझाव की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को देने की बात कही।

मक्सी तिराहे पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डीएम ने अफसरों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण अवैध कट को बंद कराने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को एनएचएआई के सहायक अभियंता शहरोज सिद्दीकी तथा अवर अभियंता नईम खान ने एसडीम डॉ. रविंद्र कुमार व नायब तहसीलदार मनु माथुर एवं नगर के तमाम लोगों के साथ भक्सी तिराहे पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। नागरिकों ने कट को बंद करने से पूर्व शाहजहांपुर जाने वाले लोगों के लिए मक्सी तिराहे से बिजली दफ्तर के सामने तक एक सर्विस रोड बनाए जाने, दोद राजपुर शमशान घाट पर जाने के लिए एक फीट ऊंचा डिवाइडर बनाने का सुझाव दिया। कहा कि उसे डिवाइडर के दोनों तरफ रेलिंग लगाकर बंद कर दिया जाए ताकि शमशान घाट जाने के लिए नागरिकों को कोई समस्या न हो। सहायक अभियंता ने बताया कि इस संबंध में वह पूरी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को देंगे। इस दौरान भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, पुनीत गर्ग आशीष शर्मा आदि रहे।

# पॉक्सो एक्ट मामले में चार अभियुक्तों को 10-10 वर्ष की कैद

**शाहजहांपुर ,अमृत विचार:** पॉक्सो एक्ट से जुड़े अलग मामलों में दोषी पाए जाने पर चार अभियुक्तों दस-दस वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया है।

खुटार क्षेत्र के एक गांव से वर्ष 2015 में नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म किए जाने के मामले में खुटार के गांव सिहुरा खुर्द निवासी राजकुमार उर्फ छोटे को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो, अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या आठ के न्यायाधीश सुदीप कुमार जायसवाल ने दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष के कारावास की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं थाना तिलहर के गांव गोबरसंडा निवासी धर्मेंद्र को दलित नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म किए जाने के मामले में 10 वर्ष की सजा सुनाई गई है। धर्मेंद्र के खिलाफ वर्ष 2017 में निगोही थाने में मामला दर्ज किया गया था। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना गोला के गांव सोठन निवासी आसिफ को भी वर्ष 2018 में थाना सिंधौली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म किए जाने के मामले में दस वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया। महानगर के थाना सदर बाजार के गांव शहबाजनगर निवासी साजिद को भी वर्ष 2016 में नाबालिग को बहला ले जाने और दुष्कर्म के मामले में दोषी पाए जाने पर दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

# कर्मचारी समस्याओं को लेकर एईएन कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** नार्दन रेलवे मेंस यूनियन (नरमू)ने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सहायक मंडल अभियंता ( एईएन) कार्यालय का घेराव करके प्रदर्शन किया। यूनियन के शाखा सचिव शिव कुमार सक्सेना ने सहायक मंडल अभियंता को दिए गए

ज्ञापन में बताया कि रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से लेकर ट्रैकमैन तक सभी भारत सरकार के कर्मचारी हैं और सरकार उन्हें वेतन भत्ता देती है। आरोप है कि सहायक मंडल अभियंता कर्मचारियों का शोषण कर रहे है और कहते है कि वेतन नहीं लेने दूंगा।

उन्होंने कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडल उपाध्यक्ष सुनीत तिवारी ने कहा कि अंग्रेज चले गए और अंग्रेजों की मानसिकता नहीं गयी। कालोनी की दुर्दशा है और कालोनी में पानी नहीं आ रहा है। सरकारी आवास बारिश के दिनों टपकते है। अधिकारी अपनी कोठी में तुरंत काम करवा लेते है। लेकिन कर्मचारियों के आवासों की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है। यह नहीं होने दिया जाएगा।

आंदोलन के बाद एईएन ने आश्वासन दिया कि कालोनी की मरम्मत करायी जाएगी और पेयजल पर की समस्या दूर की जाएगी। घेराव करने वालों में मोहम्मद अशरफ, जयपाल सिंह, नवनीत, सलीम, शहजादे, यतेंद्र त्रिवेदी, अमित कुमार, जितेंद्र, रोहित, सुरेश दिवाकर, गुलफाम आदि थे।



सहायक मंडल अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करते नरमू पदाधिकारी।

- मंडल सहायक अभियंता कर रहे हैं रेल कर्मचारियों का शोषण

# स्पार्किंग के चलते तार टूटने से पांच मवेशियों की मौत

**कलान ,अमृत विचार :** कलान क्षेत्र के गांव झकरेली (नवाब वाली) में विद्युत स्पार्किंग के कारण तार टूटकर गिरने से पांच मवेशियों की मौत हो गई। मृत मवेशियों में तीन गर्भवती भैंस और दो पड्डा शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेज दी।

पीड़ित सत्यवीर यादव ने थाने में तहरीर देकर सरकार से मवेशियों की मौत पर सहायता राशि दिलाने की मांग की है। अधिकारियों ने उन्हें संभव मदद का आश्वासन दिया है। यह घटना गुरुवार तड़के हुई जब सत्यवीर अपने मवेशियों को पाकड़ के पेड़ के नीचे बांधकर खेत की रखवाली करने गए थे। तभी अचानक विद्युत लाइन में स्पार्किंग हुई और तार टूटकर गिर गए, जिससे मवेशी करंट की चपेट में आ गए। .

# बुद्धा पार्क के सौंदर्यीकरण की मांग

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मिला और उन्हें बुद्धा पार्क खुटार के संबंध में मांग पत्र सौंपा।

सौंपे गए पत्र में कहा गया कि तहसील पुवायां के खुटार कस्बे में पुवायां रोड पर 1.1310 हेक्टेयर भूमि पर बुद्धा पार्क बना है। वर्ष 1995 में डॉ. भीमराव अम्बेडकर और गौतम बुद्ध की प्रतिमाएं स्थापित की गयीं। वर्ष 2008 में प्रदेश सरकार ने बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया गया। वर्ष 1995 से मई 2025 तक किसी व्यक्ति या विभाग द्वारा उक्त भूमि पर कोई दावा या आपत्ति नहीं की गयी। सोसाइटी के लिखित अनुरोध पर वित्त मंत्री ने बुद्धा पार्क राजस्व अभिलेखों में नियमानुसार दर्ज कराने के निर्देश एसडीएम पुवायां को दिए थे, जिसकी पत्रावली तत्कालीन लेखपाल ने गायब कर दी। छह अप्रैल 2025 को राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार ने मुख्यमंत्री से पार्क का जीर्णोद्धार करवाने, पार्क के अंदर डॉ. अम्बेडकर संग्रहालय, कम्युनिटी हाल बनवाने का लिखित अनुरोध किया। सोसाइटी के अनुरोध पर पर्यटन मंत्री को 20 मई को पार्क के सौंदर्यीकरण, डॉ. अम्बेडकर सामुदायिक भवन आदि निर्माण के लिए पत्र लिखा। इसी दौरान 17 जून को सिंचाई नलकूप खण्ड शाहजहांपुर द्वारा उक्त भूमि पर अपना मालिकाना हक दर्शाते हुए साइन बोर्ड लगा दिया गया, जिससे समाज में रोष व्याप्त है। पत्र में 30 वर्षों से बने बुद्धा पार्क के संरक्षण व सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त करने की मांग की गयी है। प्रतिनिधि मंडल में भारत गौतम, रामनिवास गौतम आदि शामिल थे।



वित्तमंत्री सुरेश खन्ना को ज्ञापन देते पंचशील सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह।

### बुद्धा पार्क से सिंचाई विभाग का बोर्ड हटाए जाने की मांग

**खुटार, अमृत विचार :** गुरुवार को खुटार में एक कार्यक्रम मे शामिल होने आए अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे से खुटार निवासी ऋषि कुमार, दीपक कुमार ने मुलाकात की और उन्हें प्रार्थना पत्र देकर बताया कि खुटार के पुवायां रोड पर बुद्ध पार्क स्थित है। जहां पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महात्मा बुद्ध की प्रतिमा स्थापित हैं। 17 जून को सिंचाई विभाग की ओर से एक बोर्ड लगा दिया गया। जिसमें उक्त बुद्धा पार्क की भूमि को अपनी भूमि बताया गया है। उक्त लोगों ने बुद्धा पार्क में लगाए गए सिंचाई विभाग के बोर्ड को हटवाने की मांग की है।

### वृद्ध मां की पुत्र ने पेंशन छीनी, दूसरे पुत्र ने दी तहरीर

**कलान ,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव जहानाबाद खमरिया के मजरा उस्मानपुर निवासी बाबाराम निवास दास ने तहरीर देकर बताया कि वह गांव के आश्रम में रहता है और वृद्ध मां की सेवा करता है। आश्रम में कुछ पेड़ थे जिसे उसके भाई ने काट कर बेच दिये। मां को मिलने वाली पेंशन भी छीन ली। बताया कि आरोपी भाई ने फसल भी काट ली और उसका रुपया भी नहीं दिया। कुछ कहने पर मारपीट पर आमादा हो जाता है। तहरीर में भाई के खिलाफ कार्रवाई कर मां की पेंशन दिलाकर भूमि में होने वाली फसल का भी बंटवारा कराकर न्याय दिलाने की मांग की है।

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य: योग रैली से गूंजा स्वस्थ जीवन का संदेश

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के पैरामेडिकल विभाग के छात्रों ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर एक योग जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य, मानसिक शांति और वैश्विक सामंजस्य का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था।

रैली की शुरुआत कॉलेज परिसर से हुई, जिसमें 30 से अधिक डीएमएलटी और डी-एक्सरे डिप्लोमा छात्र उत्साहपूर्वक शामिल हुए। छात्र हाथों में पोस्टर और तख्तियाँ लेकर करो योग, रहो निरोग, तनाव भगाओ, योग अपनाओ, स्वस्थ जीवन का मूलमंत्र – योग जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक कर रहे थे। मार्ग में स्थानीय लोगों ने भी रैली का स्वागत किया और योग के प्रति रुचि दिखाई।

इस आयोजन में संस्थान की उप-प्राचार्य नेहा गुप्ता, कुलदीपक भास्कर सहित शिक्षकगण डॉ. नवीन शंकर मिश्रा, डॉ. महक पिपलानी, डॉ. अमित वशिष्ठ, डॉ. अक्षिता और पूरा सहायक स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहा।

इसी थीम पर वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में भी योग रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, शांत और सकारात्मक बनाने का माध्यम है। इस अवसर पर शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।




योग रैली निकालते वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल के पैरामेडिकल विभाग के विद्यार्थी।

# प्रमुख सचिव ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने रेती क्षेत्र में कल्याण सिंह सामुदायिक भवन और फत्तेपुर रेती में पं. दीनदयाल उपाध्याय बहुउद्देशीय सामुदायिक केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इसके बाद बिसरात घाट स्थित हनुमत धाम में देवदर्शन के साथ सिंचाई विभाग की परियोजनाओं का जायजा लिया। पक्का पुल से हनुमत धाम होते हुए नया पुल तक सौंदर्यीकरण और रिवर बैंक डेवलपमेंट कार्यों का अवलोकन किया। ककरां में निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय भवन के निरीक्षण के बाद उन्होंने इस परियोजना के लिए चार माह की साप्ताहिक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव अमृत अभिजात।

# पानी की समस्या को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन



पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी।

**संवाददाता,जलालाबाद**

**अमृत विचार:** नगर में पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस नेताओं ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी।

नवीन नगर में किले वाली मस्जिद के पास नगर पालिका ने 10 माह पहले एक समरसेबिल पंप लगवाया था। जिससे वार्ड निज़ाम नगर की जनता को पानी उपलब्ध होना था, लेकिन ठेकेदार की ओर से समर की बोरिंग कम से पंप से निकलने वाला पानी अशुद्ध था, इससे जनता को पानी न मिल पाने से भारी दिक्कतों को झेलना पड़ रहा है। दस माह से वार्ड निज़ाम नगर की जनता पानी को तरस रही है। निज़ाम नगर की जनता लगातार 7 माह से अनुरोध कर रही है, लेकिन 350 फिट की बोरिंग कराने का झूठा आश्वासन देकर टरका दिया जाता है। अब आंदोलन किया जाएगा।

# दिन में उमस, शाम को झमाझम बारिश

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** दिन भर उमस भरी गर्मी के बाद गुरुवार शाम हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि खिरनी बाग सहित कई क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई, जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। दूसरी ओर धान की रोपाई कर रहे किसानों के खेतों में पानी भर गया और उनकी कंधार की लागत काम हो गई।

गन्ना शोध संस्थान के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि बुधवार रात में दो मिमी बारिश हुई। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा था। अधिकतम तापमान में 0.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 0.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि वातावरण में नमी बनी है। गरज और तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

बता दें कि बारिश को लेकर मौसम विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें बताया गया है कि दृश्यता कम होने पर घर की खिड़कियां और दरवाजे बंद कर अंदर रहें। बिजली के उपकरणों का प्लग निकालकर बंद रखें। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से किसानों के चेहरों पर चमक आ गई है। धान की रोपाई के लिए किसानों ने खेत बनाने शुरू कर दिए हैं। तिल, उर्द, बाजरा की बोआई भी शुरू हो जाएगी। बारिश गन्ने की फसल के लिए काफी फायदेमंद है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है।



बारिश के चलते भरा पानी। ● अमृत विचार

- लोगों को मिली गर्मी से राहत,गुल हो गई खिरनी बाग की बिजली

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 752105007, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in

ADMISSIONS NOW!





# अधर में लटका शहर का सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, कूड़ा प्रबंधन पर संकट

## पांच साल बाद भी नहीं लग पाईं मशीनें, टेंडर प्रक्रिया तक नहीं पहुंचा मामला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** महानगर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने और कूड़ा प्रबंधन को दुरुस्त करने के लिए बनाए जा रहे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की रफ्तार शुरुआत से ही सुस्त है। ददरौल ब्लॉक के खिलौली गांव में नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे इस प्लांट का सिविल वर्क तो पूरा हो चुका है, लेकिन मैकेनिकल वर्क शुरू ही नहीं हुआ। प्लांट में लगने वाली मशीनरी अभी तक नहीं पहुंची है। ऐसे में कूड़ा निस्तारण की बड़ी योजना अधर में लटकी हुई है।

**सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अधूरी :** वर्ष 2018 में सरकार ने प्रदेश के सभी नगर निगमों में कूड़ा निस्तारण संयंत्र लगाने की योजना बनाई थी। इसी के तहत 2019 में प्लांट निर्माण की योजना बनी, लेकिन केंद्र से एनओसी मिलने में देरी के कारण निर्माण कार्य जनवरी 2020 में शुरू हो पाया।

लक्ष्य था कि जनवरी 2021 तक काम पूरा कर लिया जाए, लेकिन साल 2025 आ गया, और प्लांट अब भी अधूरा है। इसमें सिविल स्ट्रक्चर तो बन गया है, लेकिन मैकेनिकल टेंडर अभी तक नहीं निकाला गया है, जिससे मशीनें लगाने का काम रुका हुआ है।


सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट सुचारू न होने के चलते ककरा स्थित इसी डंपिंग ग्राउंड में डाला जा रहा कूड़ा।

### स्वच्छता रैंकिंग में पिछड़ता शहर

स्वच्छता रैंकिंग में बेहतरी के लिए बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन कूड़ा निस्तारण जैसे बुनियादी कामों पर सुस्ती से नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। प्लांट समय से तैयार हो जाता तो शहर की सड़कों पर फैला कचरा अब तक अतीत बन चुका होता।

### प्लांट से मिलनी थी खाद, बिजली और गैस

इस प्रोजेक्ट के तहत कूड़े का रिसाइक्लिंग कर उससे खाद, बिजली, कुकिंग गैस और मिनरल वॉटर बनाने की योजना है। कचरे से निकली गैस के वितरण की योजना अभी भी स्पष्ट नहीं है। वहीं, बचे हुए मलबे को जैविक खाद के रूप में उपयोग करने की योजना भी है।

### तीन एकड़ भूमि, 450 करोड़ का खर्च

नगर निगम ने इस परियोजना के लिए तीन एकड़ (1.045 हेक्टेयर) जमीन उपलब्ध कराई थी। सबसे पहले बाउंड्रीवाल और फाउंडेशन का निर्माण कराया गया। अनुमान है कि इस प्रोजेक्ट पर कुल 450 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

> खिलौली स्थित सेंटर अभी नगर निगम को हैंडओवर नहीं हुआ है। जैसे ही हैंडओवर होगा, आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फिलहाल शहर में अन्य एमआरएफ सेंटरों से कूड़ा प्रबंधन का कार्य चल रहा है।
>
> -**मनोज कुमार मिश्र**, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

## प्रॉपर्टी इन्वेस्ट के चक्कर में 11 लाख 26 हजार रुपये ठगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन गाड़ीपुरा निवासी फैसल खान ने बताया कि उसके मोबाइल के माध्यम से प्रॉपर्टी इनवेस्ट के बहाने 11 लाख 26 हजार रुपये उसे इनवेस्ट कराया। उसकी मोबाइल पर बात हुई थी। फोन करने वाले व्यक्ति बैंक के थ्रू आरटीजीएस के माध्यम से अकाउंट में पैसा डलवाया। पीड़ित ने बताया कि 26 मई 25 को दाभी काजलवेन सूरत के एकाउंट में 703328 रुपये आरटीजीएस किए और 26 मई 25 को राजू भाई के सिटी यूनियन बैंक सूरत में चार लाख 23 हजार रुपये आरटीजीएस किए। एकाउंट ट्रांसफर करने के बाद जब काल की तो गलत भाषा का प्रयोग करने लगा। आरोपी ने कहा कि इन पैसों को भूल जाओ। साइबर सेल थाना प्रभारी ने बताया कि धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** भुड़िया भूड़ गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मायके वालों ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे। आरोप है कि जहर देकर मार डाला है। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- मायके वालों का आरोप जहर देकर मार डाला दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित करते थे

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव भूड़िया भूड़ निवासी मंगेश पाल की शादी पांच साल पहले 25 वर्षीय अनुपम निवासी हसनापुर जिला हरदोई के साथ हुई थी। वह अपनी मां और भाई से अलग रहते थे। उनकी कोई संतान नहीं थी। मंगलवार की रात में पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। अनुपम ने क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे डाक्टर के पास ले जाया गया जहां अनुपम को मृत घोषित कर दिया गया। अनुपम के पिता कमलेश का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए ससुराल वाले उसकी बेटी को प्रताड़ित किया करते थे। ससुराल वालों ने जहर देकर बेटी को मार डाला है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला


पोस्टमार्टम हाउस पर महिला के परिजन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ससुराल वालों पर मार डालने का आरोप, दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित


मृतक प्रीति।

**अमृत विचार:** अभायन गांव में एक महिला का शव कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे से लटका मिला। ससुराल वालों ने उसका शव नीचे उतार लिया। मायके वालों का आरोप है कि दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते और मार डालने का आरोप लगाया है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव अभायन निवासी सुनील कुमार की शादी तीन साल पहले 23 वर्षीय प्रीति निवासी रतूली थाना तिलहर के साथ हुई थी। बुधवार की शाम उसका शव कमरे में पंखे के कुड्डे से दुपट्टे से लटका हुआ था। देर रात मायके वालों को खबर मिली कि प्रीति की मौत हो गयी। राम वरन बेटी प्रीति की ससुराल पहुंचे। उन्होंने बताया कि दहेज के लिए बेटीको ससुराल वाले प्रताड़ित किया करते थे।

बेटी ने दो दिन पहले मां से फोन पर कहा था कि ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। बेटी ने ससुराल से ले जाने की बात कही थी। तब मां ने वहां से बुलाने का आश्वासन दिया था। आरोप है कि दहेज के लिए ससुराल वालों ने उसकी बेटी प्रीति को मारकर लटका दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** विसाफ कला गांव के सामने ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। बुधवार की रात में ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी।

# भगवान राम पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, खुटार

- आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान

**अमृत विचार:** भगवान राम व महाराणा प्रताप पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसका शांति भंग में चालान कर दिया।

बुधवार को फेसबुक पर मिथिलेश कुमार नामक आईडी पर भगवान श्रीराम व महाराणा प्रताप की आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट की गई थी। इसकी जानकारी जब हिंदू युवा संगठन के अध्यक्ष अवनीश मिश्र को हुई, तो उन्होंने मिथिलेश कुमार के बारे में जानकारी जुटाई। जिसके बाद पता चला कि मिथिलेश कुमार खुटार के गांव नवदिया मनकंठ में रहने वाले लालूराम जाटव के बेटे हैं और उसके द्वारा पिछले कुछ दिनों से अपनी फेसबुक आईडी पर भगवान श्रीराम, माता लक्ष्मी, माता दुर्गा, भगवान भोले शंकर व महाराणा प्रताप के बारे में अपशब्द, भड़काऊ वीडियो पोस्ट करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एडिट किए हुए तमाम वीडियो फेसबुक आईडी मिथिलेश कुमार पर पोस्ट की जा रही है। इसके बाद हिंदू युवा संगठन के अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने यूपी पुलिस के एक्स हैंडल पर ट्वीट कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद देर रात संगठन के अध्यक्ष के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शुक्ला, निर्देश शुक्ला, मनीष शुक्ला, मोनू मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, विवेक अवस्थी, पृथ्वी सक्सेना, अमल कुमार, पंकज कुमार, मोहित मिश्रा, विमल शुक्ला, प्रभाकर, अभिनव शुक्ला, रोहित मिश्रा, सुधीर कुमार, प्रांशु, विवेक, राज सक्सेना, शैलेश कटियार अदि तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता थाने पहुंचे और उन्होंने आरोपी मिथिलेश कुमार के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। जिसके बाद देर रात पुलिस ने ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार शुक्ला की तहरीर पर आरोपी मिथिलेश कुमार के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के साथ ही भड़काऊ पोस्ट डालने से मना करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली। देर रात पुलिस ने आरोपी मिथिलेश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

## युवक को लाठी-डंडों से पीटकर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज

**बंडा,अमृत विचार:** बंडा में एक युवक को लाठी-डंडों से पीटकर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित श्रीपाल ने पुलिस को बताया कि उसके भाई जगतपाल और उसकी पत्नी सुनीता देवी ने घर के बाहर रखे सामान को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसकी पत्नी किरन ने विरोध किया तो हमलावरों ने उसे और उसके भाई मिश्रीलाल को लाठी-डंडों से मारा-पीटा।

पुलिस ने श्रीपाल की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले में एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक नाबालिग बच्चे द्वारा पीड़ित पर लाठियों से हमला किया जा रहा है। पीड़ित पहले से ही एक पैर से घायल है। वीडियो में एक महिला बेसुध अवस्था में रास्ते पर पड़ी नजर आ रही है, जबकि दूसरी महिला हमले के दौरान भागकर खड़ी हो जाती है और अपने नाबालिग बच्चे को फटकार लगाती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जीएफ कॉलेज के पास मैदान में होगा योग दिवस कार्यक्रम



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में उन्होंने कहा कि योग दिवस के लिए आपसी समन्वय, जनसहभागिता और समयबद्ध क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। इस वर्ष योग दिवस का भव्य आयोजन गांधी फैज़-ए-आम कॉलेज के सामने स्थित ग्राउंड पर किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी संस्थाएं और आमजन भाग लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योग अभ्यास स्थल पर स्वच्छता, पेयजल, साउंड सिस्टम, बैरिकेडिंग, प्राथमिक उपचार, पार्किंग व्यवस्था तथा आपात सेवाओं की समुचित व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, मौसम के दृष्टिगत वैकल्पिक व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए गए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

संवाददाता, बंडा।

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बृहस्पतिवार को बंडा के गांव देवकली में शाम करीब छह बजे सोनू अवस्थी के 18 वर्षीय पुत्र नमन अवस्थी उर्फ मोना अवस्थी ने संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसने आत्महत्या की। मोना अपनी आटा चक्की की दुकान पर रहकर पिता के साथ हाथ बंटवाता था। मोना अपने घर का इकलौता चिराग था। परिवार वाले उसकी करंट लग जाने से मौत हो जाने की बात कर रहे हैं। जबकि उसने अपनी इंस्टाग्राम की स्टोरी पर लगाते हुए उसमें अपना दर्द बयां किया है। कुछ लोग उसे खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर लेने की बात कर रहे हैं जबकि परिवार के लोग करंट लग जाने के चलते उसकी मौत हो जाने की बात कर रहे हैं। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया।


मृतक नमन अवस्थी।




मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

## पेड़ की शाखाएं काटने को पुलिस से मांगी मदद

बंडा। खेत में आ रही पेड़ की शाखाओं को काटे जाने की शिकायत लेकर बंडा थाने पहुंचे युवक ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

बंडा के गांव भौंरखेड़ा जिगनिया निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोसी राजपाल उर्फ राजू के खेत में एक जामुन का पेड़ खड़ा है जो किसी भी वक्त गिर जाने की स्थिति में है।

पेड़ में फल भी नहीं आते हैं और पेड़ उसके खेत की तरफ झुका हुआ है। उस पेड़ की शाखाएं उसके खेत तक आ पहुंची हैं जिसके चलते उसके खेत की सही से न तो जुताई हो पाती है और न ही कटाई और बुवाई। खेत में ट्रैक्टर और मशीन भी नहीं निकल पाते हैं। कई बार खेत मालिक से कहने के बाद भी वह कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। परेशान होकर अरविंद ने पुलिस ने मदद मांगी है। अरविंद ने बताया कि पेड़ काटना अपराध है। इसलिए पहले पुलिस से अनुमति ले रहे हैं ताकि बाद में कोई शिकायत करे तो गलत संदेश नहीं जाए। पेड की वजह से खेती भी नहीं हो पा रही है।

# शिक्षिकाओं से अभद्रता और वेतन रोकने के विरोध में धरना

शाहजहांपुर, कार्यालय संवाददाता

अमृत विचार : स्वीकृत अवकाश के बावजूद दो शिक्षिकाओं का वेतन रोके जाने और उनके साथ किए गए अभद्र व्यवहार के विरोध में बृहस्पतिवार को जिले के शिक्षकों ने विरोध का रास्ता अपनाया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले टाउन हॉल स्थित गांधी भवन में शिक्षकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष शाम चार से छह बजे तक मौन धरना दिया।

धरने का नेतृत्व संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्र ने किया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय चकुलिया, विकासखंड तिलहर की सहायक अध्यापिका प्रियंका चिकित्सा अवकाश पर थीं और शिक्षिका राजवती प्रसूति अवकाश पर थीं। इसके बावजूद खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय निरीक्षण के दौरान उन्हें अनुपस्थित दिखाया और विद्यालय बंद बता कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भ्रामक रिपोर्ट भेज दी। इसके आधार पर दोनों शिक्षिकाओं का वेतन रोकने का आदेश जारी कर दिया गया।

संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई न केवल दुर्भावनापूर्ण थी, बल्कि धनवसूली के इरादे से की गई। उन्होंने यह भी बताया कि शिकायत करने पर शिक्षिका प्रियंका को धमकाया गया और स्थानीय लोगों से शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। उन्होंने कहा कि जिले में कई बीईओ शिक्षकों का उत्पीड़न करते हैं। इसे रोका जाना चाहिए।

संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा और मांग की कि मामले की जांच मंडलीय या राज्य स्तरीय बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी से कराई जाए, ताकि जांच पर किसी भी प्रकार का राजनीतिक या आर्थिक प्रभाव न पड़े।

धरने में जिला मंत्री देवेश वाजपेयी, मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, प्रांतीय संगठन मंत्री अर्चना तिवारी, कोषाध्यक्ष रवींद्र पाल प्रजापति सहित दर्जनों शिक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे। संघ नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।



गांधी भवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष मौन धरने पर बैठे शिक्षक।

- मंडलीय या राज्य स्तरीय अधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन
- चिकित्सा अवकाश व प्रसूति अवकाश पर चल रही शिक्षिकाओं को दिखाया अनुपस्थित

## क्षत्रिय महासभा ने तहसीलवार जिम्मेदारी बांटी

शाहजहांपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रधान जिला महामंत्री मुनीश सिंह परिहार ने बताया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के का खुला अधिवेशन लखनऊ स्थित इंद्रा गांधी प्रतिष्ठान सभागार विभूति खंड गोमती नगर में 22 जून को होगा। जिसमें जिले से सैकड़ों लोग मौजूद रहेंगे।

इसी के तहत तहसीलवार प्रभारियों की नियुक्ति की गई। कलान के लिए जिला महामंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जलालाबाद के लिए विजय प्रताप सिंह, सदर के लिए प्रीतम सिंह पुजारी, पुवायां के लिए सुमित सिंह भदौरिया, तिलहर के लिए ठाकुर ओमकार सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम की सफलता के लिए जनपद में भ्रमण कार्यक्रम के लिए भी बल दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय महासभा के सम्मेलन में राजनीति मे पर्याप्त स्थान मिलने और क्षत्रिय समाज को राजनीति की मुख्य धारा में लाने की बात रखी जाएगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पदम सिंह, पवन कुमार सिंह, ओम सिंह, सुमित सिंह भदौरिया, स्वदेश सिंह, निलय सिंह, अमित प्रताप सिंह, ओंकार सिंह, प्रदीप सिंह, कौशलेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# पेड़ पर अजगर देख भागे ग्रामीण, जंगल में छोड़ा


हाथ में अजगर को पकड़े सूरज। • अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

- गन्ने के खेत की मेड़ पर खड़े यूकेलिप्टस पर चढ़ा था अजगर
- करीब सात फीट लंबा बताया जा रहा अजगर

अमृत विचार: पेड़ पर चढ़े अजगर को वन विभाग टीम ने रेस्क्यू कर नीचे उतार लिया, बाद में उसे जंगल में छोड़ दिया गया। इस दौरान भारी भीड़ लगी रही।

क्षेत्र के गांव कुइया में रहने वाले अवधेश कुमार का गांव के किनारे खेत है। जिसमें गन्ने की फसल खड़ी है। उनके गन्ने के खेत की मेड़ पर यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े हैं। पड़ोस में ही खेत में मक्का खड़ी थी। दो दिन पहले मक्का की कटाई हो गई है। गुरुवार को गांव के लोग मक्का के खेत की ओर गए थे, तभी उनकी नजर यूकेलिप्टस के पेड़ पर लगभग 6-7 फीट लंबे लटके अजगर पर गई। यह देख ग्रामीण मौके से भागे। मामले की सूचना वन विभाग और खुटार पुलिस को दी गई। वनकर्मियों ने अजगर सांप को पकड़वाने के लिए गांव लक्ष्मीपुर में रहने वाले सूरज कुशवाहा को बुलाया। इसके बाद सूरज ने अजगर सांप को रेस्क्यू कर एक बोरी में बंद कर वन विभाग की टीम को सौंप दिया। वन विभाग की टीम अजगर सांप को फत्तेहपुर वीट के जंगल में छोड़ आई है। वन विभाग टीम में वनरक्षक संतोष गौड़, अशोक वाजपेयी, थाना प्रभारी निरीक्षक आरके रावत मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# पानी की समस्या को लेकर नरमू ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

अमृत विचार: रोजा रेलवे कालोनी में पानी आदि की समस्या को लेकर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन की शाखा रोजा ने एसएसई कार्यालय का घेराव करके नारेबाजी की। सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने मांगों के निस्तारण का आश्वासन देकर शांत कराया।

एसएसई कार्यालय के बाहर दिए गए धरने पर सभा स्थल पर नेता एबी मिश्रा ने कहा कि दस वर्षों से रोजा में नौ पंप बने है। नौ पंप में चार ही संचालित है, जिससे कालोनी में पानी की समस्या बनी है। पानी की पाइप लाइन जगह-जगह लीकेज है और नलों में गंदा पानी आ रहा है। रोजा लॉबी में कर्मचारियों को पानी न मिलने से जूझना पड़ता है। चार महीने से तीन टाइम की जगह दो टाइम की पानी की सप्लाई मिल रही है। एसएसई ने रोजा लाबी में आरओ लगवाने का आश्वासन दिया था। आज तक आरओ नहीं लगा है। कालोनी में हैंड पंप लगे है, वह गंदा पानी दे रहे है। रेलवे कालोनी में पानी की विकट समस्या है।

उन्होंने कहा कि मंडल के अधिकारी स्टेशन का निरीक्षण करके चले जाते है और पानी की समस्या का आज तक निस्तारण नहीं कर पाए है।

एएसई दीपक शर्मा ने कहा कि पानी की समस्या का शीघ्र निस्तारण हो जाएगा और लाबी में एक आरओ लग जाएगा। प्रदर्शन और धरना देने वालों में चंदन कुमार, मनीष सिन्हा, संदीप कुमार, अमित, मुकेश श्रीवास्तव, सुशील भट्ट आदि मौजूद रहे।



एसएसई कार्यालय का घेराव करते नरमू पदाधिकारी। • अमृत विचार

- कालोनी में दो टाइम पानी आता है, नौ पंप में चार संचालित

## विमान हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि

पुवायां, अमृत विचार: अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों के लिए अखिल भारतीय वैश्य समाज महिला विंग ने मोमबत्ती जलाकर और दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आभा गुप्ता ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा का आयोजन समिति की मंत्री आशा गुप्ता के निवास पर हुआ, जिसमें कल्पना गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, मीना गुप्ता, शिवानी गुप्ता, शशि गुप्ता, प्रीति गुप्ता, निधि गुप्ता, रेखा गुप्ता, देवेंद्री गुप्ता, अंजली गुप्ता, अनुराधा रमानी, अंजली गुप्ता, किरण,सोनम आदि रहीं।

# नगर में पहुंचे हार्टफुलनेस के ग्लोबल गाइड दाजी


शाहजहांपुर पहुंचे कमलेश डी पटेल दाजी • अमृत विचार

शाहजहांपुर। कार्यालय संवाददता

अमृत विचार : आठ दशक पूर्व महात्मा श्रीरामचन्द्र जी महाराज (बाबूजी) द्वारा स्थापित श्री रामचन्द्र मिशन के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी और हार्टफुलनेस मेडिटेशन के ग्लोबल गाइड कमलेश डी पटेल (दाजी) गुरुवार को शाहजहांपुर स्थित मिश्रीपुर आश्रम पहुंचे।

सुबह रामचन्द्र मिशन आश्रम में पहुंचकर महात्मा श्रीरामचन्द्र जी महाराज की समाधि पर नमन किया और गुरु सत्ता को प्रणाम किया।उन्होंने आश्रम परिसर का निरीक्षण किया तथा जीर्णोद्धार के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद दाजी आश्रम के ध्यान कक्ष में पहुंचे और वहां गुरुदेव बाबूजी के साथ बिताए समय को याद किया। वे माधव गोपाल अग्रवाल के आवास पर पहुँचे, जहाँ बाहरी जिलों से आए साधकों से मुलाकात की। इस अवसर पर हुए ध्यान सत्र में सैकड़ों साधकों ने भाग लिया। यह सत्र यूक्रेन से आए हार्टफुलनेस प्रशिक्षक मैकसिम आर्टिमेन्को द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर आश्रम प्रबंधक आर. रामानाथन, अजोन प्रभारी दीपक त्यागी आदि रहे।

## अमृत योग सप्ताह में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष

पुवायां, अमृत विचारः दी जेंटलमैन साइकिल क्लब की ओर से पुवायां इण्टर कॉलेज के राजा अजय वर्मा मेमोरियल हॉल में चल रहे अमृत योग सप्ताह में पांचवें दिन मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया।

मुख्य अतिथि केसी मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सभी को योग करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक स्तर 2015 से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा की थी। संयोजक डॉ. वीके के गुप्ता ने बताया कि क्लब की ओर से प्रतिदिन योगासन के समापन पर जलपान की व्यवस्था है।

योगाचार्य कमल प्रकाश द्विवेदी ने सभी को योग की विभिन्न क्रियाएं कराईं।इस अवसर पर क्लब के सदस्यों में संजय मिश्रा, प्रमोद चंद्र गुप्ता, राजीव शर्मा, सुबोध कुमार वर्मा, राजेश गुप्ता, डॉ. प्रदीप कटियार, मदनपाल, रोहिताश, डॉ. मेधा शर्मा, आभा गुप्ता, मधु सिंह, डॉ प्रदीप वैरागी आदि रहे।

# निबंध प्रतियोगिता में दिशा प्रथम, रुद्र रहे दूसरे स्थान पर


वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र

कार्यालय संवाददाता, अमृत विचार

अमृत विचारः वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग, पर्यावरण और स्वास्थ्य के परस्पर संबंधों को लेकर चेतना और जागरूकता का विकास करना था।

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं योगाचार्य ललित कुमार चौहान ने निभाई। इस अवसर पर फार्मेसी संकाय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विषय पर सार्थक और विचारोत्तेजक लेख प्रस्तुत किए, जिनमें यह स्पष्ट किया गया कि योग न केवल शारीरिक साधना है, बल्कि यह एक समग्र जीवनदर्शन है। गहन मूल्यांकन के बाद दिशा भारद्वाज को उनके प्रभावशाली लेखन के लिए प्रथम स्थान, रुद्र प्रताप सिंह को द्वितीय स्थान, अभय प्रताप सिंह को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने बरेली में जीते कई पदक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः शाहजहांपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने मंगलवार को बरेली के रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में आयोजित यूपी स्टेट ऑफिशियल सब जूनियर व जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक, चार रजत पदक और तीन कांस्य पदक जीतकर शाहजहांपुर जनपद का नाम रोशन किया है।

इस प्रतियोगिता में सब जूनियर बालिका वर्ग में दृष्टि और काव्या ने स्वर्ण पदक, अनिका कश्यप ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं, कैडिट बालिका वर्ग में अराधिका गुप्ता और सहज कौर ने स्वर्ण पदक व दिव्यांशी ने रजत पदक प्राप्त किया। जबकि सब जूनियर बालक वर्ग में अवियान जैन ने रजत पदक, शौर्य वर्मा ने रजत पदक, शिवा बालाजी ने रजत पदक, निपुण जैन ने कांस्य पदक, युवराज सक्सेना ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की टीम कोच आयुषी रस्तोगी और बालक वर्ग के टीम कोच राहुल सिंह और टीम मैनेजर अभिषेक राणा रहे।

वहीं, स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली दृष्टि का 23 से 25 जून को उत्तराखंड हरिद्वार में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। शाहजहांपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव हरि सिंह थापा ने शाहजहांपुर वापसी पर ओसीएफ रामलीला मैदान में पदक प्राप्त करने वाली विजेता टीम को मैडल देकर सम्मानित किया।

इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी और खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।


पदक प्राप्त कर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

- मंगलवार को बरेली के रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में हुई थी प्रतियोगिता
- स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली दृष्टि का हरिद्वार में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हुआ चयन

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

ईमेल :budaun@amritvichar.com


## शहर में आज

- योग सप्ताह के अंतर्गत बदायूं क्लब में योग शिविर का आयोजन सुबह 7 बजे।

## एक नजर

### आज से कार्ड धारकों को निशुल्क राशन किया जाएगा वितरित

**बदायूं, अमृत विचार :** जुलाई का राशन कार्ड धारकों में शुक्रवार को सभी कोटे की दुकानों से वितरण किया जाएगा। खाद्यान्न का वितरण 10 जुलाई तक जारी रहेगा। इसके साथ ही अंत्योदय कार्ड धारकों में तीन की चीनी का भी वितरण होगा। डीएम ने अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ राशन वितरण कराने के आदेश जिला पूर्ति अधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही कहा कि अंत्योदय कार्डधारकों को अप्रैल, मई और जून की तीन किलो चीनी दी जाएग। चीनी का वितरण 18 रुपये किलो के हिसाब किया जाए।

### भाकियू ने दिया धरना किसान के वापस कराए 50 हजार रुपये

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी क्षेत्र के गांव सिरसौली में एक सूकर मृत मिला था। वन विभाग ने सूबेदार कुशवाह को पकड़ लिया था। उसपर शूकर की हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। किसान ने डरा धमकाकर वन विभाग के कर्मचारी पर 50 हजार रुपये लेने का आरोप लगा था। इससे भारतीय किसान यूनियन ने वन विभाग कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन ने कार्रवाई की मांग गी। अधिकारी ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। नोकझोंक के बाद अधिकारियों ने जिलाध्यक्ष राजेश सक्सेना और मंडल उपाध्यक्ष सौदान सिंह की मौजूदगी में किसान को उसे रुपये वापस कराए। इस दौरान पप्पू सैफी, सोमवीर सिंह, बृजपाल प्रजापति, आरिफ गाजी, श्याम पाल सिंह, भूराम सिंह, भूरे यादव, रविंद्र आदि उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर फेस कैप्चर प्रक्रिया और ई-केवाईसी शुरू

## पोषण ट्रैकर एप चेहरे देखकर बताएगा लाभार्थी पात्र है या अपात्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विभाग की पोषण से जुड़ी योजनाओं में आएगी पारदर्शिता
- पोषाहार वितरण नहीं करने की शिकायत भी होगी दूर

**अमृत विचार :** जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों के आधार सत्यापन और चेहरे की पहचान प्रक्रिया के माध्यम से की जानी है। साथ ही ई-केवाईसी कराई जानी है। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। लाभार्थियों की ई-केवाईसी और फेस कैप्चर की प्रक्रिया चल रही है। इसके पूर्ण होने के बाद बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की पोषण से जुड़ी सभी योजनाओं में पारदर्शिता आ जाएगी।

जिले में 2940 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों पर करीब साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। साथ ही करीब 50 हजार से अधिक गर्भवती महिलाएं और 15 हजार किशोरियों की संख्या है। साथ ही इन केंद्रों पर 23 आंगनबाड़ी वर्कर्स कार्यरत हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं, धात्रियों और किशोरियों व बच्चों में बाल विकास पोषाहार विभाग हर माह पोषाहार का वितरण कराता है। केंद्रों पर पंजीकृत छह माह से तीन साल और तीन वर्ष से छह साल के बच्चों को आंगनबाड़ी वर्कर्स एक निर्धारित मात्रा के अनुसार पोषाहार का वितरण करते है। इसके अलावा इन सभी को चने की दाल, दलिया और रिफाइंड तेल भी दिया जाता है। अधिकांश ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी वर्कर्स पर पोषाहार वितरण न करने के आरोप भी लगते रहे हैं। योजना में पारदर्शिता लाने के लिए शासन की ओर से पोषण ट्रैकर एप लांच किया है। इस पर लाभार्थी का फेस कैप्चर करने के साथ ई-केवाईसी कराई जाएगी। लाभार्थी के चेहरे को देखकर एप बता देगा कि यह पात्र है अपात्र। इसके बाद उसे लाभार्थी को पोषाहार दिया जाएगा। सभी ब्लॉकों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर ई-केवाईसी और फेस कैप्चरिंग की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके पूर्ण होने के बाद पोषाहार वितरण के साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया जाएगा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक करीब 500 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों की फेस कैप्चरिंग और ई-केवाईसी हो चुकी है। शेष में जारी है।

> आंगनबाड़ी केंद्रों पर फेस कैप्चरिंग और ई-केवाईसी कार्य चल रहा है। 500 आंगनबाड़ी केंद्रों पर काम पूरा कर लिया गया है। शेष में यह कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा।
> – पीके सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी

## स्थानांतरण पाने वाले एडीओ और लिपिक को नहीं किया रिलीव

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला पंचायती राज विभाग में कार्यरत एक लिपिक और दहगवां ब्लॉक के एडीओ पंचायत का अन्य जनपद के लिए शासन स्तर से स्थानांतरण किया गया है। इनका ट्रांसफर आर्डर एक सप्ताह पहले डीपीआरओ विभाग में पहुंच चुका है, लेकिन अब तक इन्हें रिलीव नहीं किया गया है।

एक जिले में तीन साल या फिर उससे अधिक समय से कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शासन स्तर से पंचायती राज विभाग में कार्यरत लिपिक मुसीर उद्दीन का मुरादाबाद और और दहगवां ब्लॉक के एडीओ पंचायत का जिला शाहजहांपुर के लिए शासन स्तर से स्थानांतरण किया है। स्थानांतरण आदेश में ट्रांसफर वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को तत्काल रिलीव किए जाने का आदेश हैं। लेकिन अब तक रिलीव नहीं किया है। डीपीआरओ ने बताया कर्मचारी द्वारा चार्ज दूसरे लिपिक को हस्तांतरित कराया जा रहा है। रिलीव कर दिया जाएगा। एडीओ पंचायत को भी रिलीव किया जाएगा।

# जुलाई के पहले सप्ताह तक भेजी जाएगी बैंक खातों में धनराशि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में भेजी जाएगी धनराशि
- बच्चों का डाटा पोर्टल पर फीड करने के निर्देश

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद परिषदीय स्कूल खुल चुके हैं, लेकिन बच्चे नहीं आ रहे हैं। एक जुलाई से बच्चों के आने पर पढ़ाई होगी। शिक्षकों का स्कूल में आना हो रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग ने जूते मोजे और ड्रेस खरीदने के लिए अभिभावकों के बैंक खाते में धनराशि भेजे जाने की तैयारी शुरू कर दी है। बीएसए ने बच्चों का डाटा पोर्टल पर फीड करने के आदेश दिए हैं। जिससे जुलाई के प्रथम सप्ताह तक धनराशि भेजी जा सके।

जिले में 2158 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इनमें 3.01 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। इनके अलावा करीब 10 हजार नए बच्चों का प्रवेश स्कूलों में हुआ है। नए बच्चों का डाटा फीड किया जाना है। नए और पूर्व से पोर्टल पर अंकित बच्चों के डाटा फीड होने के बाद धनराशि आवंटित की जाती है। परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों के बैंक खाते में 1200 रुपये की धनराशि भेजी जाती है। इस धनराशि से वह बच्चों को ड्रेस, जूता-मोजा, स्टेशनरी आदि खरीदेंगे। शासन से मिले आदेश पर बीएसए ने कर्मचारियों को बच्चों का डाटा फीड करने के आदेश दिए हैं। एक जुलाई तक स्कूल खुलने से पहले जितने बच्चों का पोर्टल पर पंजीकरण हो जाएगा। उन सभी बच्चों के अभिभावकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेज दी जाएगी। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार करीब 2.42 लाख बच्चों और अभिभावकों के खाते सीडेड हैं। अब तक करीब 10 हजार बच्चों का डाटा फीड हो चुका है।

> जुलाई के प्रथम सप्ताह तक डीबीटी के माध्यम से धनराशि अभिभावकों के खाते में भेज जाएगी। बच्चों का डाटा फीड कराया जा रहा है। डाटा फीड कराया जा रहा है। कर्मचारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। – वीरेंद्र कुमार सिंह, बीएसए

## भूख हड़ताल पर बैठा किसान, बिगड़ी हालत

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग के ग्राम थल्लिया नगला निवासी प्रताप सिंह ने बताया कि उनकी गांव में जमीन और मकान है। पुत्र और पत्नी शहर में रहते हैं। आरोप है कि जमीन पर उनके भाई ने कब्जा कर लिया है।

पिछले छह साल से प्रताप सिंह अपनी जमीन और मकान के लिए भटक रहा है। पिछले साल तहसील प्रशासन ने उसके मकान पर कब्जा भी दिला दिया और दबंगों द्वारा कराए गए निर्माण को गिरा दिया। आरोप है कि दबंग ने तहसील प्रशासन से मिल कर उसके मकान और जमीन पर फिर से कब्जा कर लिया और फर्जी तरीके से घरौनी बनवा ली। प्रताप छह दिन से मालवीय आवास गृह पर भूख हड़ताल पर बैठे है। गुरुवार को उसकी हालत बिगड़ गई। पीड़ित ने कहा जब तक उनकी जमीन और मकान नहीं दिलाया जाएगा वह यहां से नहीं हटेंगे। पिछली बार वह दो महीने तक धरने पर बैठे तब भारतीय किसान यूनियन ने उसका साथ दिया। भाकियू टिकैत ने प्रयास किया कि पीड़ित की जमीन दबंगों के कब्जे से मुक्त करायी जाए, लेकिन बीमार सिस्टम के चलते उसकी जमीन नहीं मिल सकी।

# मनरेगा योजना के तहत लगाए जाएंगे 3 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक ग्राम पंचायत में लगेंगे 100 से अधिक पौधे
- शासन से मिला तीन लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों को जल जीवन मिशन के तहत हरा भरा किया जाएगा। इसके लिए मनरेगा योजना के तहत तीन लाख पौधे लगाए जाएंगे। एक ग्राम पंचायत में करीब 100 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीसी मनरेगा ने ग्राम पंचायतों में पौधे लगाने के लिए गड्ढा खोदने के आदेश दिए हैं। जिससे मानसून आने पर पौधे लगाए जा सके।

जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के साथ ही पौधारोपण की शुरुआत हो चुकी है। पांच जून को करीब एक लाख से अधिक पौधे लगाए गए थे। वन विभाग जहां 46 लाख से अधिक पौधे लगाएगा वहीं मनरेगा योजना के तहत भी तीन लाख से अधिक पौधे ग्राम पंचायतों में लगाए जाने हैं। ग्राम पंचायतों में यह पौधे तालाबों के किनारे, खेतों में मेढ़, सड़क स्कूल आदि में लगाया जाना है। पौधे लगाने के लिए जॉब कार्ड धारकों को मजदूरी भी मिलेगी। मनरेगा विभाग को शासन की ओर से तीन लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। शासन से मिले लक्ष्य के आधार पर एक ग्राम पंचायत में करीब 100 पौधे लगाने हैं। इसकी तैयारी मनरेगा सेल द्वारा शुरू कर दिया है। प्रधानों, पंचायत सहायकों और सचिवों को पौधे लगाने के लिए गड्ढों की खुदाई कराने के आदेश डीसी मनरेगा द्वारा दिए गए हैं। डीसी मनरेगा अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में तीन लाख पौधे लगाए जाने हैं। मजदूरों से गड्ढे की खुदाई कराने के आदेश ग्राम प्रधान को दिए गए हैं। पौधे वन विभाग द्वारा दिए जाएंगे। मानसून आने पर पौधा रोपण किया जाएगा।

# हत्यारोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- धरने पर बैठे मृतक शराब सेल्समैन के परिजन

**अमृत विचार :** शराब की दुकान के सेल्समैन मुकेश यादव हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ धरने पर बैठ गए। आंबेडकर पार्क में धरने पर बैठे परिजनों का कहना है हत्यारोपियों की गिरफ्तारी होने तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। साथ ही जिलाधिकारी के नाम एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा।

शराब सेल्समैन की हत्या के मामले में गिरफ्तारी न होने पर मृतक के परिजन बुधवार से अंबेडकर पार्क में धरने पर बैठ गए हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे मृतक के परिजनों को कांग्रेस पार्टी ने समर्थन दिया है। मृतक मुकेश यादव की पत्नी सुनीता यादव ने मांग करते हुए हत्या के मुख्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए। इस हत्याकांड की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से कराई जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि मुकेश यादव को न्याय मिलने तक सत्याग्रह जारी रहेगा। कहा कि चूंकि आरोपी रसूखदार हैं इसलिए भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। इसलिए गिरफ्तारी नहीं हो रही है। धरना प्रदर्शन के दौरान मृतक मुकेश यादव की पत्नी सुनीता यादव, मां लौंगश्री, बेटियां पूजा यादव, लक्ष्मी यादव, कोमल और भाई सोमवीर यादव व रामवीर यादव समेत दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




अंबेडकर पार्क में धरना देते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

# भाकियू की महापंचायत में किसानों ने किया प्रदर्शन



पंचायत को संबोधित करते भाकियू जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 10 दिनों के अंदर समाधान नहीं होने पर दी कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी

**अमृत विचार :** वजीरगंज मंडी में भारतीय किसान यूनियन असली की महापंचायत की गई। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया।

जिला अध्यक्ष ऋषभ चौधरी ने कहा कि आज किसान परेशान है। सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने कहा कि मुख्य मुद्दा मंडी के मुस्कान ट्रेडर्स द्वारा किसानों के साथ अभद्रता करना, जबरन करदा वसूली और किसान का खरीदा हुआ अनाज का पैसा 15 दिनों तक न देना है। मंडी के अंदर आडतिया डेढ़ किलो करदा जबरन ले रहे हैं, जो गलत है शीघ्र बंद कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का 10 दिनों के अंदर समाधान नहीं किया गया तो संगठन उपनिदेशक प्रशासन कृषि उत्पादन मंडी परिषद बरेली का घेराव करेगा। प्रदर्शन करने वालों में हरीश सिंह, विपिन माहेश्वरी, कमल गुप्ता, पूनम गुप्ता, हरबंस सिंह, प्रताप सिंह, आवेश सिंह, सूरजपाल सिंह, जमुना सिंह, राजपाल सिंह, खान बहादुर, मो. यमन, मोहम्मद तारिक, मेंबर मोइन व दिग्विजय सिंह मौजूद रहे।

# फैमिली आईडी के कार्यों में लाएं तेजी



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अवनीश कुमार राय। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- राजस्व और कर करेत्तर वसूली के कार्यों की समीक्षा कर जिला अधिकारी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** डीएम अवनीश राय ने गुरुवार को राजस्व एवं कर करेत्तर वसूली के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्यों को पूर्ण करने और रैंकिंग में सुधार लाने के आदेश दिए। डीएम ने फैमिली आईडी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस में अधिकारी तेजी लाएं।

डीएम ने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वह न्यायालयों में पुराने वादों का प्राथमिकता पर निस्तारण करें। राजस्व की धारा 37, धारा 34 व धारा 80 के मामलों को गंभीरतापूर्वक निस्तारित किया जाए। जिलाधिकारी ने बाट-माप विभाग, उद्योग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), मंडी परिषद, स्टांप एंव पंजीयन, जीएसटी सहित विभिन्न विभागों को लक्ष्य पूर्ण करने के आदेश दिए। उन्होंने सेवानिवृत्त हो चुके व निकट भविष्य में सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के देयकों के भुगतान करने को कहा।

## नदी का जीर्णोद्धार करने के आदेश

**बदायूं, अमृत विचार :** सोत नदी को एक जिला एक नदी के तहत चुना गया है। इस नदी का जीर्णोद्धार किया जाएगा। गुरुवार को डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठ कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के आदेश दिए। नदी का पुनरुद्धार लक्ष्य निर्धारित कर किया जाए।

डीएम अवनीश कुमार राय ने अधिकारियों को बताया कि जनपद में नदी की कुल लंबाई 177 किमी है। नदी के किनारे स्थित 11 ब्लॉकों के 94 ग्राम हैं। नदी जनपद की सहसवान तहसील के अलावा बाकी समस्त तहसीलों से होकर गुजरती है। इसके अतिरिक्त दो नगर पंचायतें भी सोत नदी के किनारे पर हैं। डीएम ने मनरेगा की मद से कार्य कराने को कहा। डीएम ने सभी एसडीएम, डीपीआरओ, बीडीओ और ईओ को योजनाबद्ध तरीके से परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पानी दोहन की शिकायत का किया फर्जी निस्तारण

संवाददाता, बिल्सी

- सरकारी हैंडपंप में सबमर्सिबल डालकर पानी के दोहन करने के मामले में की थी शिकायत
- ब्लॉक के अधिकारियों ने लगा दी झूठी रिपोर्ट, जिला अधिकारी से शिकायत

**अमृत विचार:** इंडिया मार्का हैंडपंप पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसमें सबमर्सिबल डाल कर पानी को दोहन किया जा रहा है। इसकी शिकायत करने पर ब्लॉक अधिकारियों ने झूठी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कर दिया, जबकि धरातल पर कब्जा बरकरार है। ग्रामीणों ने हैंडपंप को कब्जा मुक्त कराने की मांग डीएम से की है।

विकासखंड सहसवान क्षेत्र के गांव कोल्हाई में सरकारी इंडिया मार्का हैंडपंप लगा है। एक हैंडपंप पर कुछ लोगों कब्जा कर लिया है। इसमें सबमर्सिबल डाल कर लगातार जल दोहन रहे हैं। इसकी शिकायत गांव निवासी सत्येन्द्र सिंह ने आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री से की थी। लेकिन ब्लॉक अधिकारियों ने कार्यालय में बैठकर झूठी रिपोर्ट लगा दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम पंचायत पर कार्यरत सचिव भानु प्रताप सिंह और तत्कालीन एडीओ पंचायत हेमेंद्र कुमार ने कार्यालय में बैठकर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के लिए झूठी रिपोर्ट लगाकर हैंडपंप को कब्जा मुक्त दिखा दिया। जबकि वास्तविक स्थिति में हैंडपंप पर अभी लोगों का कब्जा है।

वह सबमर्सिबल के माध्यम से लगातार जल का दोहन कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने जिला अधिकारी से मिलकर हैंडपंप को कब्जा मुक्त जल्द से जल्द कराने की मांग की है।

### गड्ढे में गिरा गोवंश, निकालते समय हुई मौत

**मुजरिया, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत कोल्हाई में पानी की पाइपलाइन की मरम्मत को जगह-जगह ठेकेदारों ने 5-6 फीट गहरे गड्ढे खुदवाए थे। इन गड्ढों में बुधवार की रात एक गोवंश गिर गया। गोवंश को ग्राम प्रधान पति ने जेसीबी से निकलवाया जिससे उसकी मौत हो गयी। प्रधान पति की सूचना पर पशु चिकित्सक डॉ. कर्मवीर सिंह व पशु चिकित्सा अधिकारी डा. वीके राठौर ने गौवंश को मृत घोषित कर दिया।






## डीएसओ का मैनपुरी हुआ स्थानांतरण सतीश चंद्र आए

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा का शासन की ओर से मैनपुरी के लिए स्थानांतरण किया गया है। उनके स्थान पर मथुरा में कार्यरत डीएसओ सतीश चंद्र मिश्रा को बदायूं भेजा गया है। जिला पूर्ति अधिकारी के स्थानांतरण होने पर गुरुवार को क्लब रिवेरा होटल में विदाई दी गई। समाजसेवियों ने डीएसओ को शॉल ओढ़ाकर और गिफ्ट भेंट कर विदाई दी। इस मौके पर महेंद्र पाल गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, राजेश गुप्ता, भगवानदास शाक्य, अतुल मिश्र मौजूद रहे।

# एक जेई संभालेगा दो विद्युत उपकेंद्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ट्रांसफर होने के बाद 20 जेई गए बाहर, अभी तक आए सिर्फ नौ

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग में बड़े स्तर पर तबादले किए गए हैं जिसके बाद जनपद में जेई और एसडीओ की कमी हो गई है। विभागीय उच्चाधिकारियों के आदेश हैं कि अब एक जेई दो बिजली घर का कार्य देखेगा। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित न हो।

विद्युत विभाग में पहले से ही जेई और एसडीओ कम थे उसके बाद तबादला नीति के चलते दो दिन पूर्व छह एसडीओ को ट्रांसफर कर दिया गया और 20 जेई दूसरे जनपदों को स्थानांतरित कर दिए गए। कर्मचारियों के बाहर चले जाने से विभाग के सामने बड़ा संकट पैदा हो गया है। दूसरे जिलों से अभी तक नौ जेई आए हैं। अब जेई कम होने से विद्युत उपकेंद्रों पर समस्या पैदा हो गई है। विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश हैं कि उपभोक्ताओं को शेड्यूल से और नियमित बिजली देने को दो बिजली घरों पर एक जेई रहेगा। इससे विभाग का कार्य बाधित नहीं होगा। यदि दूसरे जनपदों से जेई और एसडीओ यहां आते हैं तो फेरबदल किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि जनपद में 56 बिजली घर हैं और 46 जेई थे। मगर अब 11 जेई और कम हो गए तो स्थिति और गंभीर हो गयी है इसलिए अब दो बिजली घर पर एक जेई काम देखेगा। उन्होंने कहा कि नई नियुक्ति न होने से कर्मचारियों की लगातार कमी होती जा रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं को शेड्यूल के हिसाब से बिजली देना एक बड़ी चुनौती है। ऊपर से लाइनों में फाल्ट होना आम बात है। तार टूटते हैं तो सप्लाई बाधित होती है उसके बाद उपभोक्ताओं का हंगामा शुरू होता है इसलिए अब परेशानी हो रही है।

### जांच के लिए एक्सईएन ने बनाई कमेटी


कुंवरगांव क्षेत्र के ग्राम हरी नगला में किसान की बिजली के तार की चपेट में आने से हुई मौत का मामला विभाग को गले की फांस बन गया है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जांच के लिए एक्सईएन प्रथम संजीव कुमार ने जांच कमेटी बना दी है। जांच कमेटी की रिपोर्ट पर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### शेड्यूल बदल जाने से हो रही लोगों को दिक्कत

सहसवान क्षेत्र के नाधा गांव के आस पास कई दिनो सं बिजली संकट बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद लाइन को किसी तरह चालू किया गया है। मुजरिया और संजरपुर में बिजली संकट बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई का शेड्यूल बदल जाने से उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है। अब तक सुबह पांच बजे तक सप्लाई दी जाती थी, अब सुबह आठ बजे तक सप्लाई दी जाती है जिसके बाद 11 बजे शुरू होती है जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी में परेशानी हो रही है।




सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरूषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरूषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

# पहाड़ों से आ रहे पानी से गंगा का बढ़ रहा जलस्तर

## गंगा में न जाने की हिदायत, गंगा किनारे दुकानदारों को हटाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कछला पुल के दोनों ओर लोगों को बाढ़ खंड ने किया आगाह
- नरौरा व हरिद्वार से छोड़ा जा रहा आठ से नौ हजार क्यूसेक पानी

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही बारिश का पानी गंगा में पहुंच रहा है। इससे गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। बाढ़ खंड ने आशंका व्यक्त की है कि अगले दो दिन में और जलस्तर बढ़ सकता है। वहीं कछला पुल के आसपास लोगों को आगाह किया है। गंगा में न जाने की हिदायत दी गई है।

बारिश के दिनों में गंगा का जलस्तर प्रतिदिन बढ़ता है। पिछले कई दिनों से जगह-जगह बारिश हो रही है। पहाड़ों पर भी बारिश हो रही है। पहाड़ों का पानी तेजी से नीचे आ रहा है, जो गंगा की धार में सामहित हो रहा है। इसके साथ ही मैदानी इलाकों का पानी भी गंगा में पहुंच रहा है। इससे गंगा के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। हालांकि अभी मानसून की बारिश ने रफ्तार नहीं पकड़ी है। यदि मानसून की बारिश शुरू हो जाएगी तो गंगा में जल्द ही उफान आ जाएगा। बाढ़ खंड ने आशंका व्यक्त की है कि जिस तरह जगह जगह और पहाड़ों पर बारिश हो रही है उससे जल्द ही गंगा में पानी बढ़ने की संभावना है। बाढ़ खंड के अनुसार अभी नरौरा व हरिद्वार से आठ से नौ हजार क्यूसेक पानी ही छोड़ा जा रहा है जिससे कोई खतरा नहीं है। बाढ़ खंड ने जल स्तर बढ़ने की आशंका व्यक्त करने के बाद कछला गंगा किनारे से दुकानदारों को हटा दिया है। कुछ दुकानदारों ने स्वयं ही अपनी दुकान समेट ली हैं। गंगा की पूरी तलहटी खाली कर दी है। यदि ऊपर से किसी समय पानी छोड़ा जाता है तो किसी तरह की क्षति नहीं होगी। कछला पुल के दोनों ओर लोगों को आगाह कर दिया गया है और गंगा में न जाने की हिदायत दी गई है।

> बाढ़ खंड ने जनपद के सभी आठों तटबंधों को दुरूस्त कर दिया है। बांध पर जल्द ही सुरक्षा चौकियां बना दी जाएंगी। इससे बारिश और बाढ़ के समय स्थानीय लोगों को खतरे से आगाह कर सकें। बाढ़ चौकियों पर विभागीय कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। दो चौकियों पर कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं।
> –नेशपाल, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

# शोकाकुल परिवार से मिलकर पूर्व मंत्री ने दी सांत्वना


गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते पूर्व मंत्री आबिद रजा।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बुलंदशहर में कार में जलकर एक बच्चे समेत पांच लोगों की हुई थी मौत

**अमृत विचार :** दिल्ली जाते समय बुलंदशहर में सहसवान के लोगों की कार पुलिया के टकराने के बाद खंती में जा गिरी और अचानक आग लग गई। हादसे में एक बच्चे समेत पांच लोगों की जलकर मौत हो गई थी, जबकि एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई थी। शव गांव पहुंचे तो शोकाकुल परिजन समेत पूरे गांव में गमगीन माहौल रहा। गुरुवार को पूर्व मंत्री आबिद रजा ने गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

बुधवार सुबह कार में आग लगने से सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव चमरपुरा निवासी तनजील अहमद, उनकी पत्नी निदा और गांव खैरपुर खल्ली निवासी उनके बहनोई जुबैर, बहन मोमिना व दो साल के भांजे जुनैल की जलकर मौत हो गई थी। वहीं तनजील की अविवाहित बहन गुलनाज झुलस गई थी। दूसरे दिन गुरुवार को भी गांव में गम का माहौल था। पूर्व मंत्री दोनों गांवों में पहुंचकर मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया।

## सार-संक्षेप

### सरकारी योजनाओं की दी जानकारियां



**दबतोरी, अमृत विचार :** गांव परसिया में भाजपा पदाधिकारियों ने ग्राम चौपाल लगाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में अवगत कराया। कहा कि भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास मूल मंत्र के आधार पर लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस मौके पर सुनील कुमार सिंह, भानु प्रकाश सिंह, अक्षित प्रताप सिंह, विक्रांत सिंह, गुड्डू ठाकुर, डॉ. ओमेंद्र सिंह, टीटू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दो बहनों का पुलिस भर्ती में चयन, गांव में मनाई खुशी



**कादरचौक, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कादरचौक निवासी देव सिंह की दो पुत्रियां सुजाता व प्रगति महिला पुलिस में भर्ती हुई हैं। दोनों बहने ट्रेनिंग के लिए रवाना हुई। ट्रेनिंग को जाने से पहले दोनों बहनों का भव्य स्वागत किया गया। ग्राम प्रधान दिनेश कुमार सहित अन्य लोगों ने सम्मान समारोह आयोजित किया। दोनों बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी।

### खितौरा में सीएमओ ने कोल्ड चेन का किया शुभारंभ



**उघैती, अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र के गांव खितौरा में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान के अंतर्गत नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खितौरा पर नवीन शीत श्रृंखला (कोल्ड चैन) का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन सामान्य को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मोहन झा, सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशान्त त्यागी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप माहेश्वरी, सैयद अशफाक अली, गुलशन, कृष्ण वल्लभ चतुर्वेदी, देश दीपक शंखधार, गौरव चांडक, इमरान ज़ुबैरी, राधेकृष्ण, राजपाल आदि मौजूद रहे।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर काटा केक



**बदायूं, अमृत विचार :** आंबेडकर पार्क में कांग्रेसियों ने केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि जननायक राहुल गांधी देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, मुसलमानों समेत शोषितों बंचितों गरीब गुरबों की मुखर आवाज हैं। इस मौके पर बफाती मियां, राजीव पटेल, सुनीता सिंह, अनिल यादव, दीपक मिश्रा, बन्ने खान आदि मौजूद रहे।

# विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि


वीरांगना चौक पर मोमबत्ती जलाकर खड़े संगठन के पदाधिकारी व सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उत्तर प्रदेश हिंदी साहित्य सेवा समिति की ओर से वीरांगना चौक पर हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश हिंदी साहित्य सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने वीरांगना चौक पर अहमदाबाद में विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी।

समिति के अध्यक्ष विष्णु असावा ने कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे और केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति समिति का हर पदाधिकारी और सदस्य गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता है। बदायूं गौरव क्लब के मुख्य सचिव अमन मयंक शर्मा, युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुवदेव गुप्ता, अहमद अमजदी, प्रभाकर सक्सेना, ओजस्वी जौहरी, ललितेश कुमार ललित, अमित वर्मा, विवेक यादव, विपिन शर्मा, सूरज मिश्रा, सुमित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# दिन भर उमस के बाद हुई झमाझम बारिश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


बारिश में भीगते हुए जाता ठेले वाला। ● अमृत विचार

- बारिश के बाद लोगों को गर्मी से मिली राहत, कई स्थानों पर हुआ जलभराव

**अमृत विचार :** गुरुवार को दिन भर की उमस के बाद शाम को आधे घंटे हुई झमाझम बारिश से गर्मी से राहत मिल गई। बारिश के कई इलाकों में पानी जमा हो गया। इस वजह से लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कृषि विभाग मूसलाधार बारिश होने की लगातार चेतावनी जारी कर रहा है। शुक्रवार को तेज बारिश होने की संभावना जताई है।

दो पहले हुई मानसून की पहली बारिश के बाद लोगों को आगामी दिनों में भी मौसम ऐसा ही बने रहने की उम्मीद थी, लेकिन उसके बाद से बादलों वाली धूप खिल रही है। गुरुवार को दोपहर में कुछ देर के लिए आसमान पर बादल तो छाए, लेकिन बिना बरसे ही निकल गए।

धूप खिलने के बाद उमस और बढ़ गई। लोग पसीना पसीना होने लगे।

**संक्रमण रोग से ग्रस्त हुए लोग :** वहीं मौसम में आए परिवर्तन के बाद से लोग संक्रमण रोग से ग्रस्त हो रहे हैं। उल्टी-दस्त और बुखार के मरीजों की सरकारी और निजी अस्पतालों में भीड़ बढ़ गई है। जिला अस्पताल में डायरिया व बुखार से पीड़ित 500 से अधिक मरीज रोजाना पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चों की संख्या अधिक है। दिन भर उमस के बाद शाम को तेज हवा के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई। बारिश शाम साढ़े छह बजे शुरू हुई और आधे घंटे तक होती रही। बारिश के बाद गर्मी से बेहाल लोगों को राहत मिली है। कृषि विभाग के अधिकारियों की मानें तो शुक्रवार को तेज बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# प्रशिक्षण में गैर हाजिर 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जारी किया नोटिस

संवाददाता, कुंवर गांव


प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री।

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र की 77 ग्राम पंचायत में बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर तैनात 100 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ब्लॉक मुख्यालय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में गैरहाजिर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

ब्लॉक सलारपुर पर गुरुवार को सीडीपीओ सुनील कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में लाभार्थी सत्यापन, मोबाइल सत्यापन, ई केवाईसी फेस कैपचरिंग सत्यापन एवं बाल विकास से जुड़ी जानकारियां दी गई हैं। बाल विकास अधिकारी द्वारा कार्यकत्रियों को अवगत कराया गया कि उक्त कार्य तीन दिन के अंदर पूर्ण किया जाना है। निहित समय में कार्य पूर्ण नहीं किया गया और विभागीय कार्यों में शिथिलता पाई गई तो संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खिलाफ सेवा समाप्ति की पत्रावली जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार को भेज दी जाएगी। लापरवाह कार्य कार्यकत्रियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, शासन द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं के लाभार्थी को शत प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरुद्ध कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार, सुपरवाइजर ब्लॉक सलारपुर संतोष कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

# पंचायत चौपाल में विधायक ने दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, उसहैत

- गांव करीम नगर, शंकरपुर खेड़ा जलालपुर में लगाई पंचायत चौपालें


संबोधित करते विधायक राजीव सिंह।

**अमृत विचार :** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर गांव करीम नगर, शंकरपुर खेड़ा जलालपुर में पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक राजीव कुमार सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा सरकार बिना भेदभाव के साथ गरीबों के कल्याण का कार्य कर रही है। मोदी सरकार निचले स्तर तक गांव के अंतिम छोर पर गरीबों तक योजनाओं को पहुंचा रही है। कहा मोदी सरकार बिना भेदभाव के काम कर रही है।

दातागंज विधायक ने कहा कि सरकार पूरे देश में आयुष्मान कार्ड देकर गरीबों का उत्थान कर रही है। गरीब इलाज को लेकर परेशान होते थे। सरकार ने पांच लाख तक का इलाज आयुष्मान कार्ड से करने की छूट दी है। किसानों को किसान सम्मान निधि दी जा रही है। पिछली सरकारों में बाढ़ और सूखा के पैसे आते थे पहले एक हजार कमीशन लेखपाल और नेताओं की जेब में जाते थे। अब किसान सम्मान निधि पूरे दो हजार रुपये खाते में जाते हैं। कोरोना काल के समय सारे विकास कार्य रुक गए। लोगों के रोजगार खत्म हो गए। इस दौरान राहुल कुमार लोधी, ओम प्रताप सिंह, जदुनाथ सिंह, देवेंद्र कुमार गुप्ता, समरपाल यादव, प्रधान पति आर्येंद्र यादव, अतिन सिंह मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन


गोष्ठी को संबोधित करके उत्तर प्रदेश कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर ओमकार सिंह।

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर कांग्रेस कमेटी ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी का जन्मदिन संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर की अध्यक्षता में कार्यालय पर गोष्ठी हुई। परशुराम चौक, डिपो स्टैंड, प्राइवेस बस स्टैंड से बदायूं क्लब तक पैदल मार्च निकाला गया। जिसे संविधान बचाओ मार्च नाम दिया गया। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वीरेश तोमर, जाबिर जैदी, इगलास हुसैन, अशोक कश्यप, जाहिद सिद्दीकी, हरीश कश्यप, पूनम राज, संगीता, मुस्ताहिद खान, शराफत मियां, नेत्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

# मानसिक तनाव कम करने में योग महत्वपूर्ण : विधायक महेश चंद्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


पुलिस लाइन में योग करते साधक। ● अमृत विचार

- पुलिस लाइन मैदान में लगाया पांच दिवसीय योग शिविर

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन मैदान में पांच दिवसीय योग शिविर में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने योग करते हुए कहा कि योग क्रिया से तनाव दूर होता है। मानसिक तनाव कम करने में योग महत्वपूर्ण है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ब्रजेश कुमार के निर्देश पर पुलिस लाइन मैदान में चल रहे पांच दिवसीय योग शिविर के तृतीय दिवस का शुभारम्भ सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित करके किया। योग सेवक सचिन भारद्वाज ने पुलिसकर्मियों को विभिन्न योगासन कराए। उन्होंने योगासनों के लाभ भी बताए। उन्होंने पुलिस के जवानों से कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय दर्शन है, जो हजारों साल पुराना है। लेकिन आधुनिक समय में योग के शारीरिक पहलुओं को व्यायाम और तनाव प्रबंधन के एक सौम्य रूप में बहुत लोकप्रियता मिली है। आज योग पर अनेक शोध हो रहे हैं। इसमें योग के नियमित अभ्यास से कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं, जो लोग योग का अभ्यास करते हैं वे तनाव के स्तर को कम करते हैं। खुशी और भलाई की भावनाओं में वृद्धि करते हैं। उनका भी सबकी भलाई के लिए एक ही नारा है कि अच्छा सोचो, अच्छा होगा, आज नहीं तो कल होगा। सचिन भारद्वाज ने कहा कि नियंत्रित गति और श्वास पर ध्यान केंद्रित करने से शरीर और मन ध्यान के लिए तैयार होते हैं, साथ ही शांत मन की ओर बढ़ने से शांति मिलती है और रोजमर्रा के तनाव से राहत मिलती है। आरआई इंद्रजीत सिंह ने सदर विधायक का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधायक के प्रेरक उद्बोधन का निश्चित ही हमारे पुलिस के जवान लाभ उठाएंगे।

### तनाव भरे वातावरण में योग करना बहुत जरूरी



**बदायूं, अमृत विचार :** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह के निर्देशन में बदायूं क्लब में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय के अंतर्गत योग दिवस मनाया गया। लोगों ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक रमेश त्रिवेदी ने विभिन्न आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार व मुद्राओं का अभ्यास कराया। साथ ही उनके लाभ व सावधानियां के बारे में विस्तार से बताया। योग प्रशिक्षक ने बताया कि आज के तनाव भरे वातावरण में योग करना अति आवश्यक हो गया है। व्यवस्थित दिनचर्या एवं नियमित योग के द्वारा हम अपने आप को तनावमुक्त रोग व मुक्त रख सकते हैं। योग से ही स्वस्थ, समृद्ध और संस्कारवान भारत का निर्माण संभव है। क्लब के सांस्कृतिक सचिव रविंद्र मोहन सक्सेना, अंकेक्षक संजय रस्तोगी, जनसंपर्क सचिव मनीष सिंघल, सदस्य नरेश चंद्र शंखधार, अजय सक्सेना आदि शामिल रहे।

## पत्नी के मायके से न आने पर पति ने की आत्महत्या

**सैदनगर, अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र में पत्नी मायके से नहीं लौटी तो पति विनीत (22) ने फांसी लगाकर जान दे दी। चार माह पहले ही दोनों की शादी हुई थी और नाराजगी के चलते पत्नी मायके चली गई थी। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। मामला थाना क्षेत्र के कुम्हारिया गांव का है। युवक विनीत थाना भोजपुर के हुमायूं पुर गांव निवासी एक युवती से शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद दोनों में अनबन रहने लगी। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद के चलते 15 दिन पहले पत्नी मायके चली गई। इस दौरान युवक ने नाराज पत्नी को मनाने की काफी कोशिश की लेकिन वह नहीं मानी। युवक ने आत्महत्या करने की ठान ली। रात करीब 11 बजे युवक अपने कमरे में पहुंचा। फांसी का फंदा लगाकर छत में लटक गया।

# रबड़ फैक्ट्री की भूमि वापस लेने को बरेली लखनऊ के बीच दौड़ रहे कागजी घोड़े

### एसएंडसी कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने बैठक की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रबड़ फैक्ट्री की एसएंडसी कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने बुधवार को रामपुर बाग स्थित कार्यालय पर बैठक कर फैक्ट्री की 1400 एकड़ भूमि वापस लेने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में ठोस पैरवी न होने पर रोष जताया। कहा कि भूमि वापस लेने के लिए बरेली-लखनऊ के बीच कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं।

अध्यक्षता करते हुए शैलेंद्र चौबे ने कहा कि रबड़ फैक्ट्री की भूमि पर 20 दिसम्बर 2023 को आए फैसले के बाद अभी तक राज्य सरकार अपने अधिकार में लेने के लिए ठोस पैरवी नहीं कर पाई। इससे फैक्ट्री में कार्यरत रहे कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारियों का 26 साल से भुगतान लंबित



रामपुर गार्डन स्थित कार्यालय पर बैठक के दौरान मौजूद एसएंडसी कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य। ● अमृत विचार

- **बॉम्बे हाईकोर्ट में जमीन वापस लेने के लिए ठोस पैरवी न होने पर फैक्ट्री में मजदूरों ने जताया रोष**

है। श्रमिक नेता अशोक कुमार मिश्रा ने कहा कि आर्थिक तंगी में मजदूरों के भुगतान को सुरक्षित और सुनिश्चित करने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त 'ऑफिशियल लिक्विडेटर' के यहां 1432 कर्मचारियों के क्लेम पर ठोस पैरवी की और साक्ष्यों के आधार पर 16 जनवरी 2023 को निर्णय मजदूरों के हित में कराया। ऑफिशियल लिक्विडेटर उच्च न्यायालय ने तय किये क्लेम के पत्र मजदूरों को भेजे, पर बड़ा सवाल यह है कि उनका भुगतान अब कौन करेगा?, 20 दिसम्बर 2023 से अब तक 29 कर्मचारियों की मौत हो चुकी है, इससे पहले 350 से अधिक कर्मचारी असमय मौत के गाल में समा गए।

उन्होंने बताया कि वह मुख्य सचिव, आयुक्त, जिलाधिकारी और रबड़ फैक्टरी नोडल अधिकारी को यूनियन की कोर कमेटी के सदस्यों के साथ कई ज्ञापन दे चुके हैं। कर्मचारियों के जीवन यापन में आ रही परेशानियों पर प्रशासन को गंभीरतापूर्वक विचार कर शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए। यदि प्रशासन मजदूर हित में ठोस और सकारात्मक कदम नहीं उठाता है तो शीघ्र यूनियन बड़ा धरना-प्रदर्शन करेगी। इस दौरान प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, आरसी शर्मा, अनिल कुमार, हैदर नवी, शैलेन्द्र चौबे, अजय भटनागर, एससी निगम आदि मौजूद रहे।

## घर के बाहर खड़ी पिकअप चोरी जसराना में बरामद

**कलान, अमृत विचार:** घर बाहर खड़ी पिकअप चोरी हो गई, जिसे जीपीएस की मदद से बरामद कर लिया गया। दो चोर भी पकड़ लिए गए। पुलिस अभी पिकअप बरामदगी की बात से इंकार कर रही है।

कलान इलाके के धर्मपुर गांव की घटना है। विक्रमपुर रोड पर प्रदीप राठौर का मकान है। पिकअप से रोजाना बदायूं मंडी से व्यापारियों का सामान ढुलाई करते हैं। बुधवार शाम उन्होंने कुछ व्यापारियों का सामान उतार कर पिकअप घर के बाहर खड़ी कर दी। सुबह उठे पिकअप नजर नहीं आई। प्रदीप ने पुलिस को सूचना दी।। पिकअप में जीपीएस लगा था इससे उसकी लोकेशन मिल गई। पिकअप एटा के जसराना में मिली। टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से पिकअप बरामद कर ली है। प्रदीप ने बताया कि पिकअप में 23 हजार रुपये व जरूरी कागज रखे थे। कुछ व्यापारियों का सामान भी रखा था। जब इस संबंध में कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चन्द बात की गई तो उन्होंने बताया कि पिकअप चोरी होने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# परीक्षकों की ड्यूटी में अनियमितता की शिकायत

संवाददाता, पुवायां

- **राष्ट्रपति को पत्र भेजकर की कार्रवाई की मांग**
- **प्रयोगात्मक परीक्षकों का लेन-देन करके चयन करने का आरोप**

**अमृत विचार:** एचसीएफ यूनाइटेड फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर डी फार्मा के प्रयोगात्मक परीक्षा में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एचसीएफ यूनाइटेड फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर बताया है कि उत्तर प्रदेश के कुछ संस्थानों से ही प्रयोगात्मक परीक्षकों का लेन-देन करके चयन कर लिया जाता है, । संस्थानों में मानक के अनुसार शिक्षकों की उपलब्धता नहीं है, उसके बाद भी जो शिक्षक अपने दस्तावेजों के माध्यम से लगे हुए हैं, वे शिक्षक अपनी ड्यूटियां अवैध रूप से लेन-देन करके लगवा लेते हैं, जिससे रेगुलर शिक्षक प्रयोगात्मक परीक्षाओं में ड्यूटी लगने से वंचित रह जाते हैं। एकेटीयू लखनऊ की भांति प्रत्येक शिक्षक की आईडी से ही सेशनल परीक्षा के अंक व प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक भरे जाने चाहिए, जिससे संस्थान में फर्जी शिक्षकों, संस्थानों का खुलासा होगा और परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहेगी।

बीटीई के कार्यालय के कर्मचारियों के द्वारा कई वर्षों से देखा जा रहा है कि कुछ शिक्षकों को 3-3 कालेज दे दिए जाते हैं, तो किसी-किसी को एक भी संस्थान प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए नहीं दिया जाता है, जो पूर्णतः गलत है।

संगठन ने शिकायत की गहनता से जांच कराते हुए प्रत्येक संस्थान के रेगुलर शिक्षकों को संबंधित विषयों के अनुसार प्रयोगात्मक परीक्षाओं में ड्यूटी दिलाने की मांग की है। साथ ही अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# रुविवि में योग मैराथन 1.5 में दिखा उत्साह

- **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन**
- **छह सौ प्रतियोगिताओं ने लिया भाग, छात्राओं ने दी प्रस्तुति**

**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में क्रीड़ा विभाग की ओर से योग मैराथन 1.5 का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और कुलपति प्रो. केपी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरुआत की। कार्यक्रम में 600 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह मैराथन विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 से आरंभ होकर गेट नंबर 3 पर पहुंचकर संपन्न हुई। आयोजन में शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी एवं छात्र शामिल रहे। मैराथन से पहले एक घंटे का योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें योग प्रशिक्षक धर्मेन्द्र शर्मा ने छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में उपयोगी सरल योगासनों का अभ्यास कराया।

मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की एक समृद्ध परंपरा है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। यह मानव जीवन को स्वस्थ, संयमित और संतुलित बनाता है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि योग न केवल व्यक्ति को स्वस्थ बनाता है, बल्कि समाज को भी सशक्त करता है। खेल परिषद के सचिव प्रो. एसएस बेदी ने आगामी दो दिनों के योग कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। सांस्कृतिक सत्र में साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न योग मुद्राओं को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

कुलसचिव संजीव कुमार सिंह, मुख्य वार्डन प्रो. अशोक कुमार सिंह, मुख्य प्रॉक्टर रविन्द्र सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पीबी सिंह, प्रो. निवेदिता श्रीवास्तव, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन डॉ. इरम नईम ने किया। आयोजन में डॉ. अजीत सिंह, डॉ. विजय सिंघल, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. इंदरप्रीत कौर, डॉ. अतुल कटियार, डॉ. यतेन्द्र कुमार, डॉ. छवि शर्मा, डॉ. आभा, डॉ. अनिल बिष्ट, अमरीश कठेरिया, तपन वर्मा आदि का सहयोग रहा।

## सिल्ट पलटकर सब्जी विक्रेता की जान लेने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बदायूं निवासी ठेकेदार नईम शास्त्री को पहले ही भेजा जा चुका है जेल**

**अमृत विचार :** ट्राली से सिल्ट पलटकर सब्जी विक्रेता की जान लेने वाले ट्रैक्टर चालक गांव आसपुर प्रीतम राय निवासी शिवपाल को थाना बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी कब्जे में ले लिया है। इस मामले में नगर निगम के ठेकेदार बदायूं निवासी नईम शास्त्री को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

नवादा शेखान निवासी सब्जी विक्रेता सुनील प्रजापति 22 मई की दोपहर घर के बाहर छांव में सो रहे थे। इस दौरान मोहल्ले में नगर निगम का ठेकेदार नईम शास्त्री नालों की सफाई करा रहा था। नाले से निकली सिल्ट को ट्रॉली में भरने के बाद इसे दूसरे स्थान पर फेंकना था, लेकिन ट्राली से सिल्ट सुनील के ऊपर पलट दी गई और दम घुटने के कारण सुनील की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गया था। सुनील के पिता गिरवर ने नगर निगम के ठेकेदार नईम शास्त्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नईम को पुलिस ने 22 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच के दौरान सामने आया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव आसपुर प्रीतम राय निवासी शिवपाल चला रहा था। इंस्पेक्टर बारादरी ने बताया कि चालक शिवपाल को गिरफ्तार कर लिया है।

# हार्टफुलनेस ध्यान के वैश्विक मार्गदर्शक डॉ. कमलेश के आयोजित होंगे कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली सहित अन्य जिलों में भी होंगे कार्यक्रम**
- **डॉ. कमलेश ने आश्रम परिसर में किया पौधरोपण**

**अमृत विचार :** हार्टफुलनेस ध्यान के वैश्विक मार्गदर्शक व कान्हा शांति वनम हैदराबाद के संस्थापक, श्रीराम चंद्र मिशन के आध्यात्मिक गुरु पद्म भूषण डॉ. कमलेश डी पटेल (दाजी) के आध्यात्मिक कार्यक्रम बरेली सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित होंगे। इसमें नोएडा, मथुरा, अलीगढ़, कासगंज, बदायूं, शाहजहांपुर, फतेहगढ़, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज भी शामिल हैं।

गुरुवार को परसाखेड़ा स्थित रामचंद्र मिशन के हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र पर ध्यान सत्र का आयोजन सुबह 8 बजे हुआ। जिसमें लगभग 450 अभ्यासियों ने भाग लिया। डॉ. कमलेश डी पटेल (दाजी) ने चंदन के पौधे का रोपण आश्रम परिसर में किया। उन्होंने बताया कि कान्हा शांति वनम हैदराबाद में करीब 1400 एकड़ में बंजर भूमि पर लगभग 8 लाख पौधों का रोपण कर उसे हरे भरे क्षेत्र में परिवर्तित किया है। जमीन के अंदर पानी का स्तर भी 1400 से 70 फुट पर आ गया है। इससे उस पूरे क्षेत्र का वातावरण बदल गया है। आज वहां हरी भारी फसलें लहलहा रही हैं। सभी किसान अपने को खुशहाल महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, कृषकों एवं अन्य सभी वर्गों के लोगों के जीवन को आध्यात्मिक एवं भौतिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में जोनल समन्वयक मोहन स्वरूप, सेंटर समन्वय बी एस राठौर, आश्रम प्रबंधक पीसी पाठक, अरविंद सिंह पटेल, संजीव गोयल, दीप सक्सेना, राकेश वार्ष्णेय, अनुराग शर्मा, आशुतोष राठौर, संजीव चौधरी, सचिन शर्मा, वैभव गंगवार, दिनेश शर्मा, डॉ. सीपी गंगवार, संगीत चौधरी, रमा पाठक, डॉ. अमृता गंगवार, नीलिमा सक्सेना, सुनीता, संगीत चौधरी, बबीता सक्सेना, विमल गुप्ता, नीलू गुप्ता, मिंटू गोयल आदि मौजूद रहे।

# नाले से अवैध कब्जा हटवाने की मांग



नाले से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की गई है। ● अमृत विचार

**तिलहर, अमृत विचार।** नगर के पानी निकासी के मुख्य नाले पर अतिक्रमण करने की पालिका सभासद अभिषेक सिंह ने एसडीएम व ईओ से शिकायत करते हुए नाला को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

मोहल्ला भक्सी के वार्ड संख्या 12 का सभासद अभिषेक सिंह ने पत्र में कहा है कि वार्ड भक्सी से लगा हुआ सरकारी नाला है तथा नाले से लगा हुआ ही सरकारी चकरोड है। जिस पर अराजक लोगों ने सांठगांठ करके सरकारी नाले पर जबरदस्ती मिट्टी डलवा कर पटवा दिया है। इससे सटी हुई भूमि पर प्लाटिंग कर दी है और सरकारी चकरोड की तरफ से उक्त प्लाटिंग का रास्ता निकाल रहे हैं। 18 जून को बरसात होने से और सरकारी नाला बंद होने के कारण मोहल्ले की गलियों में जलभराव हो गया है। जलभराव होने के कारण पूर्व में एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो चुकी है। पूरे नगर का पानी भक्सी नाले से होकर ही गुजरता है।

## सामूहिक दुष्कर्म के तीन वांछित गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कटरा पुलिस ने गैंगरेप के मुकदमे वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। बरेली की एक युवती ने कटरा थाना में 12 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह शाम को रिश्तेदारी में तिलहर जा रही थी। कटरा चौराहे पर एक मिलने वाले एक युवक ने कार में उसे छोड़ने के नाम से बैठा लिया था। उसका आरोप था कि खुदागंज रोड पर एक स्थान पर तीन लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।

आरोपी ने कटरा चौराहे पर लाकर छोड़ दिया था। पुलिस ने गुरुवार की सुबह कसरक हुलास नगला बाईपास के निकट आरोपी सुधीर, अनिल गंगवार, मोहम्मद अनीस को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। आरोपियों ने बताया कि युवती से जान पहचान बरेली के अयुब ने करवाई थी। युवती से दोस्ती हो गयी। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया।

# युवक की मौत पर हंगामा, हत्या का आरोप

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव सरदार नगर निवासी युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर थर्ड डिग्री देकर गंभीर चोटें पहुंचाने को मौत की वजह बताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया।

मृतक की मां इशरत जहां ने बताया कि 10 जून को पड़ोसी इल्यास से बेटे अरशद की मामूली कहासुनी हो गई थी। इल्यास की पत्नी आशरून ने अरशद खिलाफ छेड़छाड़ करने की झूठी तहरीर थाने में दे दी। पुलिस ने युवक को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में हिरासत में लेकर चालान किया था। बेटे ने घर आकर बताया कि पुलिस ने करंट लगाकर थर्ड डिग्री दी है। उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। गुरुवार को मौत होने पर परिजनों ने पुलिस व विरोधियों पर साजिशन हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। दोपहर बाद तक पंचायत हुई। नतीजा नहीं निकलने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



भोजपुर के गांव सरदार नगर में मृतक अरशद के घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

### पुलिस बोली, कोई मारपीट नहीं की

प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि युवक का 10जून को पड़ोसी से विवाद हुआ था। हंगामा होने की स्थिति में पड़ोसी की शिकायत पर गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अरशद का चालान कर दिया था।

## सैलून मालिक को गोली लगने से मचा हड़कंप

**तिलहर, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में हेयर सैलून के अंदर सैलून मालिक को गोली लगने से हड़कंप मच गया। कोतवाल राकेश कुमार ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

नजरपुर मोहल्ला निवासी अबरार के 28 वर्षीय पुत्र तस्लीम बरखेड़ा जयपाल मार्ग पर बारह पत्थर मोहल्ले में किराए की दुकान लेकर हेयर सैलून चलाता है। गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे उसकी दुकान में कई लोग थे तभी अचानक गोली चल गई जो तस्लीम के पैर में लग गई। गोली लगने की सूचना पर आस-पड़ोस के लोगों में हड़कंप मच गया, तभी सैलून के अंदर मौजूद लोग मौके से खिसक लिए। सूचना पर कोतवाल राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दुकान के अंदर जांच पड़ताल की।

अस्पताल में भर्ती तस्लीम ने गोली किसने और क्यों मारी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी। चर्चा यह भी है की गोली तस्लीम पर किसी दोस्त से धोखे से चली है जो तस्लीम के पैर में लग गई है। उधर, कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बंडा, अमृत विचार :** । बंडा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने बताया कि अब से करीब डेढ़ माह पूर्व उसकी 15 वर्षीय पुत्री तीन मई को घर पर अकेली थी। मौका पाकर उसके पड़ोसी के मेहमान जिला हरदोई के थाना देहात कोतवाली उसके घर में घुस आया और उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर ले गया। उसकी पुत्री के जाने में कपिल का पूरा पूरा हाथ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# युवक और युवती ने ट्रेन से कट कर दी जान

संवाददाता, बिलारी

- **बिलारी में एक ही गांव के रहने वाले थे युवक व युवती**
- **बुधवार की रात 11:00 बजे घर से निकली थी युवती**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैफपुर जगना में गुरुवार की तड़के कुआं खेड़ा हॉल्ट पर रेलवे ट्रैक के पास एक ही गांव के युवक और युवती के शव मिले। जीआरपी पुलिस की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जरगांव पुलिस ने ग्राम प्रधान से जानकारी की। राशन डीलर जसवंत ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। जहां दोनों के शवों की शिनाख्त सैफपुर जगना गांव निवासी सुशांत उर्फ भोला (20) और आशी (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। वहीं क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या करने की चर्चा है। हालांकि परिजन इस बात से इंकार कर रहे हैं। एक ही मोहल्ले में दो मौतें होने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सैफपुर जगना गांव निवासी राज मिस्त्री मित्रपाल के बेटे अभिषेक ने बताया कि बुधवार की रात 11:00 बजे घर में उसके पिता, मां राजकुमारी, आशी, छोटी बहन अंजलि और उसकी पत्नी खाना खाकर सो गए थे। रात्रि 11:00 बजे अंजलि से आशी टॉयलेट जाने को कहकर बाहर गई और अन्य परिजन सोते रहे। इसके बाद गुरुवार सुबह 4:00 बजे पुलिस द्वारा उन्हें घटना की जानकारी मिली। जब वह लोग ट्रैक पर पहुंचे तो आशी व मोहल्ले के ही सुशांत उर्फ भोला का शव मिला। बताया कि उसकी बहन ने इसी साल 12वीं की परीक्षा पास की थी और वह अब बीए में एडमिशन लेने की तैयारी कर रही थी। उन्हें किसी भी तरह की बात की जानकारी नहीं थी। वह खुद चंदौसी के एक निजी अस्पताल में नौकरी करता हैं व पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं। घर में छोटी बहन अंजलि मां रजकुमारी समेत सभी का रो रो कर बुरा हाल है। आशी के घर से 100 मीटर दूर राजपाल सिंह का घर है। सुशांत के भाई नवजीत ने बताया कि रात में उसका भाई घर पर ही सोया था। इसके बाद वह किस समय घर से चला गया किसी को नहीं पता। उन्हें भी सुबह पुलिस और ग्राम प्रधान के द्वारा घटना की जानकारी हुई। बताया कि सुशांत खुद का ट्रैक्टर चलाकर मजदूरी करता था। घर में या गांव में किसी को भी इनके प्रेम प्रसंगों की जानकारी नहीं थी। बताया कि वह 6 भाई बहन है जिनमें सबसे बड़े संजीव कुमार फौज में नौकरी करते हैं। सुशांत की मौत से मां विजयवती और अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने बताया कि मृतक आशी के पिता मित्र पाल ने थाने में लिखित जानकारी दी है कि उनकी बेटी रात 11:00 बजे घर से चली गई थी। जिसके बाद सुबह पुलिस द्वारा उन्हें घटना की जानकारी दी गई थी।



आशी की मौत पर सदमे में मां और अन्य परिजन। ● अमृत विचार

## स्कूल की कृषि भूमि के रुपये डकारे, प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गक्खरपुर गांव के कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक काटे गए पेड़ व विद्यालय की कृषि भूमि का पैसा हजम करने के मामले निलंबित हो गए।

प्रभारी प्रधानाध्यापक रोहित कुमार पर स्कूल के पेड़ काट कर बेचने व विद्यालय के नाम कृषि भूमि से पैदा हुई फसल बेचकर पैसा हड़पने का आरोप था। गांव के प्रधान ने शिकायत बेसिक शिक्षा अधिकारी से की थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की थी। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश गोयल और डीसी मिड डे मिल अखिलेश कुमार ने मौके पर जाकर जांच की। साक्ष्य के लिए शिकायतकर्ता ग्राम प्रधान को भी बुलाया गया। शिकायतकर्ता प्रधान ने विद्यालय में लगे पेड़ों की फोटो दिखाई । जिस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक कोई सबूत जांच टीम को नहीं दे पाए। जांच टीम को आरोप सही लगे।

# धोखाधड़ी कर आठ दो पहिया वाहन कराए फाइनेंस, फिर बेचे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** फाइनेंस कंपनी को चूना लगाने और फर्जी दस्तावेजों के जरिए आठ दोपहिया वाहन फाइनेंस कराकर उन्हें बेचने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कथित सामाजिक कार्यकर्ता ने साजिश रचकर फाइनेंस एजेंट को विश्वास में लेकर लाखों की धोखाधड़ी की। कटघर थाना पुलिस ने इस संबंध में 5 महिलाओं समेत 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के गायत्री नगर निवासी दीपक कुमार फाइनेंस कंपनी टाटा कैपिटल में कार्यरत हैं। दीपक कुमार ने एसएसपी को बताया कि वह जवाहर ऑटो मोबाइल्स, हनुमान मूर्ति थाना कटघर स्थित शोरूम से टू-व्हीलर फाइनेंस का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अदनान उलहक निवासी मुगलपुरा उनसे मिला। जिसने खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताकर गाड़ियां फाइनेंस कराने की बात कही। अदनान ने पत्नी के नाम से पहली गाड़ी एक्टिवा फाइनेंस कराई, जिससे विश्वास हो गया। इसके बाद कुल आठ गाड़ियां अलग-अलग नामों पर फाइनेंस कराई। जिनमें कुछ महिला नाम भी शामिल हैं। फाइनेंस होने के बाद इन सभी गाड़ियों को अन्य लोगों को बेच दिया गया। अब इन वाहनों की ईएमआई बंद हो चुकी है और संबंधित व्यक्ति न तो फोन उठा रहे हैं और न ही अपने पते पर मौजूद हैं। जब दीपक ने अदनान से संपर्क किया तो उसने धमकी दी कि उसका काम फाइनेंस कंपनियों को ठगना है और शिकायत की तो जान से मरवा देगा। पीड़ित के अनुसार इस धोखाधड़ी में अदनान के साथ कई अन्य लोग, जिनमें महिलाएं भी हैं। पुलिस को इस संबंध में फोन कॉल की रिकॉर्डिंग भी सौंपी गई है। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## फंदे से लटकी मिली महिला, हत्या का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संदिग्ध हालात में विवाहिता ने फंदे पर लटककर मौत को गले लगा लिया। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह मृतका के परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर का है। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव गजरौला निवासी महबूब ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी सात माह पूर्व कोतवाली के क्षेत्र के गांव फरीदनगर निवासी जीशान के साथ की थी। शादी में हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। तीन दिन पहले बेटी ने ससुराल में झगड़ा होने की बात कही थी। अब गुरुवार को बेटी के फांसी लगाने की खबर मिली। पिता का आरोप है कि उसकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोगों ने गला घोंट कर मारा है, फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है।

